तापमान

अधिकतम 33.9 डिग्री

न्यूनतम 21.3 डिग्री

हरिभूमि

रायपुर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026

1 अप्रैल से नई कंपनी करेगी 108 सेवा का संचालन, लाइफ सपोर्ट सिस्टम वाली गाड़ियां बढ़ेंगी

# छह साल बाद संजीवनी एंबुलेंस सेवा में बदलाव जीवीके 375 नई गाड़ियों के साथ संभालेगी जिम्मा

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में निशुल्क एंबुलेंस सेवा 108 का संचालन करने वाली एजेंसी में छह साल बाद बदलाव कर दिया गया है। इस बार 375 नई गाड़ियों के साथ जीवीके ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस फील्ड पर उतरेगी। 300 बीएलएस गाड़ियों के साथ 70 एडवांस लाइफ सपोर्ट तथा पांच एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट नियोनेटल एंबुलेंस भी बेड़े में शामिल की गयी है। नई कंपनी एक अप्रैल से अपनी सेवा की शुरुआत करेगी। जीवीके राज्य में 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा की शुरुआत के दौरान करीब दस साल तक अपनी सेवा प्रदान कर चुकी है। इसके बाद हुए टेंडर में नई एजेंसी को 6 साल काम करने का मौका मिला। नए टेंडर प्रक्रिया में जीवीके को पुनः एंबुलेंस चलाने का मौका दिया गया है। जानकारी के अनुसार नियम एवं शर्तों के मुताबिक इस योजना में गाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई। इस बार विभिन्न पाइंट पर तैनात 300 बेसिक लाइफ सपोर्ट वाली एंबुलेंस तैनात रहेगी जो मिली सूचना के आधार पर घटनास्थल पहुंचकर मरीजों को अस्पताल पहुंचाएगी। इस बार एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की संख्या 70 की गई है जो शासन के निर्देशानुसार सीएचसी, जिला अस्पताल और मेडिकल कालेजों में तैनात रहेगी। इसके साथ ही इस बार नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए पांच एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट नियोनेटल एंबुलेंस को आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैनात किया गया है। माना जा रहा है कि नई ठेका कंपनी एक अप्रैल से 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा की स्टीयरिंग संभालेगी।

**पहली बार पांच 5 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट नियोनेटल एंबुलेंस भी, 300 बीएलएस वाहन**



### एंबुलेंस का ट्रिप भी बढ़ेगा

सूत्रों का दावा है कि नई एंबुलेंस को अत्याधुनिक जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरणों और बेहतर मरीज देखभाल सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इससे मरीजों को अस्पताल ले जाते समय ही बेहतर प्राथमिक उपचार और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। सेवा की दक्षता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव यह भी किया गया है कि पहले प्रत्येक एंबुलेंस औसतन प्रतिदिन तीन ट्रिप करती थी, जबकि अब बेहतर प्रणाली और संसाधनों के साथ प्रत्येक गाड़ियां प्रतिदिन चार ट्रिप तक कर सकेगी।

### रीयल टाइम ट्रैकिंग भी

इस बार एंबुलेंस सेवा में लोकेशन बेस्ड सर्विस और मोबाइल डाटा टर्मिनल जैसी आधुनिक तकनीकों को भी जोड़ा गया है, जिससे एंबुलेंस की रीयल-टाइम ट्रैकिंग, संचार और डिस्पैच प्रणाली और अधिक प्रभावी होगी। 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा के इस सुदृढ़ीकरण से सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, मातृ एवं नवजात आपात स्थितियों में नागरिकों को समय पर, भरोसेमंद और जीवनरक्षक चिकित्सा सहायता उपलब्ध होगी, जो राज्य के लोगों के लिए एक बड़ी राहत और महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी।

## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना

करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।

देवि प्रसीदतु मयि

ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

ऑफलाइन सिस्टम, जोन 9 के पास एक भी बड़ी मशीन नहीं, मुख्यालय से भेजनी पड़ रही सेप्टिक टैंक सफाई के लिए मशीन

# सीवरेज टंकियों की सफाई कैसे हो, आबादी ज्यादा गाड़ियां सिर्फ 13, अब खरीदी जाएंगी चार नई मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रामकृष्ण अस्पताल के सेप्टिक टैंक में तीन सफाई कर्मियों की मौत के बाद नगर निगम की अनुमति के बगैर सेप्टिक की सफाई नहीं करने का फैसला लिया गया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि मौजूदा आबादी के हिसाब से निगम के पास संसाधन ही नहीं हैं। राजधानी में सीवरेज सफाई के लिए निगम के पास 13 मशीनें उपलब्ध हैं, इनमें से 12 सक्शन मशीन और एक जेटिंग मशीन है। ये मशीनें नगर निगम के 9 जोन और निगम मुख्यालय के पास उपलब्ध है, जबकि आउटर में स्थित नगर निगम जोन 9 एक ऐसा जोन है, जिसके पास एक भी बड़ी सक्शन मशीन उपलब्ध नहीं है। यह इस जोन का दुर्भाग्य है कि सेप्टिक टैंक सफाई के लिए आवेदन आने पर उसे मुख्यालय ▶▶|शेष पेज 15 पर

- बीएसयूपी परिसर, पीएम आवास के आउटलेट की हालत ज्यादा खराब

### नाला जाम नाली चोक होने पर मशीन का उपयोग

*शहर के बड़े नालों में कचरा जाम होने की स्थिति में मेनुवल सफाई की जगह सक्शन मशीन का उपयोग ज्यादा बेहतर होता है, इसलिए समय-समय स्वास्थ्य विभाग सक्शन मशीन से नाला सफाई कराता है। जबकि नालियां होने पर जेटिंग मशीन लगाया जाता है। बाकी समय में लोगों की मांग अनुसार सीवरेज टैंक सफाई के लिए निर्धारित शुल्क के साथ जोन के माध्यम से मशीन भेजी जाती है।*

### ऑनलाइन प्रक्रिया पर चल रहा काम

सीवरेज सफाई के लिए आवेदन मेनुवल की जगह अब ऑनलाइन सिस्टम से किया जाएगा, इसकी प्रक्रिया चल रही है। एप के माध्यम से लोग घर बैठे सक्शन मशीन उपलब्ध कराने ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए टोकन भी ऑनलाइन काटी जाएगी, वांछित जानकारी के लिए संबंधित जोन से वेरीफिकेशन कर घर बैठे मिलेगी। इससे लोगों को जोन दफ्तर जाकर आवेदन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

- डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर




### 4 नई सक्शन मशीन खरीदने भेजा प्रस्ताव

रायपुर नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग सीवरेज सफाई के लिए 4 नई सक्शन मशीन क्रय करने की तैयारी में है। इसके लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार से अमृत मिशन के इंसेटिव के रूप में नगर निगम को राशि मिलने वाली है, उसी राशि में से नगर निगम के दस जोनों की मांग को देखते हुए 4 सक्शन मशीन की खरीदी की जाएगी, ताकि आने वाले दिनों में लोगों को सीवरेज टैंक सफाई के लिए मशीन का आवेदन करने पर समय रहते नगर निगम से इसे उपलब्ध कराई जा सके।

### सरकारी सुलभ शौचालय, बीएसयूपी, पीएम आवास के आउटलेट की स्थिति ज्यादा खराब

रायपुर नगर निगम के पास उपलब्ध सक्शन मशीन का सबसे ज्यादा उपयोग शहर के सरकारी सुलभ शौचालयों में होता है। नगर निगम के 9 जोन कमिश्नरी के पास सीवरेज टैंक सफाई के लिए मशीन दी गई है। इसके बाद भी नगर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग इलाकों में गरीबों के लिए बनाए गए बीएसयूपी आवासीय परिसर और प्रधानमंत्री आवासीय परिसर के आउटलेट की हालत ज्यादा खराब है। सूत्रों के मुताबिक इन आवासीय परिसरों में बड़ी संख्या में लोग रहते हैं, पर सीवरेज टैंक की सफाई को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष बोले- रात में सफाई कराने जरूरत क्या थी

- मृतक सफाई कर्मियों के परिजनों से मिलने हरदीप सिंह गिल पहुंचे
- पुलिस ने सफाई ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया

तीन दिन पूर्व रामकृष्ण अस्पताल में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से मृत सफाई कर्मियों के परिजनों से राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष हरदीप सिंह गिल मिलने पहुंचे। वहां उन्होंने मृतक सफाई कर्मियों के परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही वे घटना स्थल का मुआयना करने रामकृष्ण अस्पताल पहुंचे। श्री गिल ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या जरूरत थी अस्पताल प्रबंधन को सेप्टिक टैंक की रात में सफाई कराने की। श्री गिल के अनुसार सफाई का काम दिन में भी हो सकता था। हरदीप सिंह गिल के अनुसार घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिजनों से मिलने पहुंचे श्री गिल ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि दुःख की घड़ी में वे मृतक के परिजनों के ▶▶|शेष पेज 15 पर



### पुलिस ने दर्ज किया गैर इरादतन हत्या का केस

अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने सफाई ठेकेदार किशन सोनी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार सेप्टिक टैंक का मुहाना अत्यंत संकरा है, जिसकी गहराई करीब 20 फीट है, जिसमें तीन फीट के करीब पानी एवं दलदल आवरण लिया हुआ है। गटर की लंबाई 15 फीट और चौड़ाई दस फीट है। ठेकेदार ने टैंक की सफाई पंप, उपकरण से न कराते हुए सफाई कर्मियों को बिना सुरक्षा उपकरण सेप्टिक टैंक में उतारा।

### मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

सेप्टिक टैंक सीवरेज सफाई के मामले में हुई तीन मौत के प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग, रायपुर द्वारा स्वतः स्फूर्त संज्ञान लिया गया है। आयोग ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के आधार पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए, स्वतः स्फूर्त संज्ञान लिया गया है। आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरधारी नायक के निर्देशानुसार कलेक्टर, रायपुर से इस संबंध में एक माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित टेबलेट जब्त, धरा गया विक्रेता

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से दो सौ नग प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की है। प्रतिबंधित टेबलेट के साथ पुलिस ने ईश्वर धृतलहरे को गिरफ्तार किया है। ईश्वर परसदा के पास प्रतिबंधित टेबलेट किसी दूसरे आदमी को देने के लिए उसके आने का इंतजार कर रहा था।

### अस्पताल से लैपटॉप चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में अस्पताल की खिड़की का पल्ला तोड़कर ऑफिस के अंदर प्रवेश कर लैपटॉप, हार्डडिस्क चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिनीदेवी गोयल मनीपाल हॉस्पिटल में चोरी करने के आरोप में रूद्रांश श्रीवास्तव उर्फ टीशू को गिरफ्तार किया है। रूद्रांश ने शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात चोरी की थी।

### किशोरी को झांसा देकर रेप, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने किशोरी को झांसा देकर घर ले जाकर रेप करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। किशोरी से रेप के आरोप में पुलिस ने शंकर नगर निवासी खड़ा राजू सेन उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। राजू के खिलाफ 16 वर्षीय किशोरी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 जनवरी को राजू ने उसे, उसकी बड़ी बहन के बुलाने की बात कहकर स्कूटी में बैठकर अपने घर ले जाकर रेप किया। आरोपी युवक को पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार किया है।

## चंगोराभाठा, खम्हारडीह के दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में नलों की धार पतली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के शुरू होते ही शहर के आउटर इलाके में नलों की धार पतली होने लगी है। अंतिम छोर तक प्रेशर के साथ पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने और सार्वजनिक बोरवेल का जलस्तर कम होने से भनपुरी, खम्हारडीह, गोंदवारा, चंगोराभाठा सहित अन्य रहवासी इलाकों में नगर निगम को लोगों की प्यास बुझाने टैंकर भेजना पड़ रहा है। खम्हारडीह की कुछ प्राइवेट कालोनियों की हालत ये है कि उन्हें ज्यादा कीमत पर प्राइवेट पानी टैंकर मंगाकर काम चलाना पड़ रहा है। इस इलाके में नई पानी टंकी ▶▶|शेष पेज 15 पर

- शहर में 55 स्थानों पर नए बोरवेल खनन की मांग, निगम ने किया टेंडर, 26 को खुलेगा

### मोवा की दुबे कालोनी में 3 बोर सूखे, कापा बस्ती में जलसंकट

डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड के दुबे कालोनी मोवा 3 जगह के बोरवेल पूरी तरह सूख गए हैं। कापा बस्ती और मोवा तालाब के पार वाले रहवासी इलाके में पेयजल संकट गहराने से पानी टैंकर की मांग की गई है, यह इलाका नगर निगम जोन 9 क्षेत्र का हिस्सा है।

### चंगोराभाठा में पानी का संकट, महादेवनगर करन नगर, सांई सोसाइटी



डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में पेयजल संकट की समस्या को लेकर वार्ड के रहवासियों ने पार्षद दुर्गा-यादराम साहू के साथ मिलकर जोन कमिश्नर और कार्यपालन अभियंता को प्रभावित इलाके में बुलाकर स्थिति से अवगत कराया। लोगों का कहना है कि महादेवनगर, करन नगर, सांई सोसायटी, शिवम स्कूल के सामने, अटल चौक के पास , शीतला मंदिर के पीछे, संस्कृत भवन के पीछे वाले इलाके में पानी की संकट होने से रहवासी परेशान हैं। इसी तरह विवेकानंद चौक पुराना चंगोराभाठा क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। रहवासी इलाकों के बोर सूखने लगे हैं, गणपति नगर रामजानकी मंदिर मार्ग में पिछले साल भी बोरवेल खनन कराया गया पर सक्सेस नहीं हुआ।

## दोबारा नहीं होंगी परीक्षाएं, अन्य विषयों के प्रदर्शन के आधार पर तय होंगे परिणाम

- युद्ध के कारण रद्द की गई थीं मिडिल-ईस्ट की परीक्षाएं
- युद्ध के पूर्व 17 से 28 फरवरी के मध्य हो चुकी हैं 44 विषयों की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मिडिल ईस्ट में पढ़ने वाले हजारों छात्रों के लिए इस सत्र में परीक्षा का दौर अधिक जटिल साबित हुआ। युद्ध जैसे हालात के बीच जब कई परीक्षाएं अचानक रद्द हो गईं, तो छात्रों के सामने बड़ा सवाल खड़ा हो गया अब उनके नतीजे किस आधार पर तय होंगे? इसी बीच केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एक खास व्यवस्था लागू कर दी है, जिससे ▶▶|शेष पेज 15 पर



### इस तरह तैयार होंगे परिणाम

सीबीएसई ने स्थिति को देखते हुए एक नया तरीका अपनाया है। जिन छात्रों ने सभी परीक्षाएं दी हैं, उनका रिजल्ट उनके असली प्रदर्शन के आधार पर बनेगा। जिन छात्रों की कुछ परीक्षाएं छूट गईं, उनके लिए अलग तरीका अपनाया जाएगा। ऐसे छात्रों के बाकी विषयों के नंबर उनके दिए गए पेपर के औसत के आधार पर तय किए जाएंगे। उदाहरणस्वरुप, यदि किसी छात्र ने चार में से तीन पेपर दिए हैं, तो ▶▶|शेष पेज 15 पर

### इम्प्रूवमेंट एग्जाम भी विकल्प

इस पूरी स्थिति के बीच अब छात्रों का ध्यान इम्प्रूवमेंट एग्जाम की ओर जा रहा है। सीबीएसई ने 2026 से एक नई व्यवस्था शुरू की है, जिसमें छात्र अपने नंबर सुधारने के लिए दूसरी बार परीक्षा दे सकते हैं। सीबीएसई के नए नियम के अनुसार, छात्र अधिकतम तीन विषयों में अपने अंक सुधार सकते हैं। इनमें से केवल एक ही भाषा विषय हो सकता है। छात्र चाहें तो दो मुख्य विषय और एक भाषा चुन सकते हैं या फिर तीनों मुख्य विषयों में परीक्षा दे सकते हैं। रिजल्ट आने के बाद छात्रों को लगभग पांच दिन का समय दिया जाएगा।

## गर्मी से राहत का दौर जारी तीन दिन बाद चढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसमी तंत्रिका में हुए बदलाव की वजह से गुरुवार को भी प्रदेश में राहत का दौर जारी रहा। सिस्टम का असर समाप्त होने के बाद तीन दिन बाद गर्मी अपनी सामान्य स्थिति में लौटेगी। मौसम बदलने से पहले राज्य का अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था, जो गिरावट के बाद 36 पर अटका हुआ है।

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के साथ पश्चिमी विक्षोभ और हवा के चक्रवाती सिस्टम के प्रभाव से राज्य में अपनी मजबूत स्थिति दिखाने वाली गर्मी एक तरह से गायब हो चुकी है। बादल-बारिश वाली स्थिति के कारण अधिकतम 40 डिग्री से नीचे उतरकर 35-36 डिग्री सेल्सियस पर उतर चुका है। इससे रात के साथ दिन में भी गर्मी का असर बेहद कम हो गया है। गुरुवार को भी छाए बादल और अधिक गति की हवा के असर से मौसम संतोष भरा रहा है।

- 40 डिग्री तक पहुंचा पारा गिरावट के बाद 36 पर अटका



मंडल में बिजली के तारों की जांच के लिए ड्रोन और थर्मल कैमरों का इस्तेमाल शुरू

# रेलवे की समस्याओं का 'स्मार्ट' समाधान बन रहा एआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेनों के सुरक्षित, भरोसेमंद और बेहतर संचालन के लिए लगातार नई और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ रहा है। रेलवे अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसऔर मशीन लर्निंग की मदद से हादसों को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई एडवांस सिस्टम लागू कर रहा है। नई तकनीक की मदद से सटिक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। एआई के उपयोग से जटिक कार्य सरल हुए है। रेलवे में एआई का उपयोग एक तरह प्रयोगिक रूप से है। इसमें लंबे समय तक सही दिशा में सफलता मिलने पर विभिन्न विभागों के पदों में कम हो सकते हैं।

### चलती ट्रेन की खामियां पकड़ेगा सिस्टम

*मशीन विजन इंस्पेक्शन सिस्टम एक एआई आधारित सिस्टम है। ट्रेन चलते समय अगर उसका कोई पुर्जा ढीला है, लटक रहा है या गायब है, तो यह कैमरों की मदद से उसे तुरंत पकड़ लेता है और अलर्ट भेजता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मालगाड़ियों के लिए एक मशीन विजन इंस्पेक्शन सिस्टम ट्रायल के तौर पर लगाया गया है। इसके अलावा व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर पटरियों के किनारे लगा एक ऐसा सिस्टम है, जो ट्रेन के खराब या डैमेज पहियों का पता लगाता है। भारतीय रेलवे में ऐसे 24 सिस्टम काम कर रहे हैं।*




### एआई ड्रोन से बिजली के तारों की जांच

इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम पटरियों, स्लीपर और क्लिप्स में मौजूद किसी भी तरह की खराबी या दरार को तुरंत पकड़ लेता है। यह मशीन लर्निंग और इमेज (कैमरा) का उपयोग करता है। इससे पटरियों की मरम्मत समय पर हो जाती है और ट्रेन संचालन सुरक्षित होता है। इसके अलावा रायपुर रेल मंडल में बिजली के तारों की जांच के लिए ड्रोन और थर्मल कैमरों का इस्तेमाल शुरू किया गया है।

### खराब मौसम में लोको पायलट की आंख बनेगा 'त्रिनेत्र'

कोहरे, भारी बारिश और खराब मौसम में ट्रेन चलाने में मदद के लिए 'त्रिनेत्र' नाम का एडवांस सिस्टम बनाया जा रहा है। इसमें रडार, इन्फ्रारेड और एआई कैमरों का इस्तेमाल होगा ताकि ड्राइवर को खराब मौसम में भी आगे का रास्ता बिल्कुल साफ दिखे। रेलवे में नई तकनीक एआई, डाटा को बढ़ावा देने के लिए 26 फरवरी 2026 को नई 'रेल प्रौद्योगिकी नीति' लागू की गई है। इसके तहत स्टार्टअप्स और नए इनोवेटर्स को रेलवे से जोड़ने के लिए एक नया पोर्टल (**https://rail-tech.indianrailways.gov.in**) भी लॉन्च किया गया है, ताकि कम लागत में बेहतरीन तकनीकी समाधान निकाले जा सकें।


श्रध्दा सुमन
हिन्दु नववर्ष की बधाई...
श्रध्दा सुमन
महंत सतगुरू श्री अनंतपुरी गोस्वामी जी
महंत अम्मां मीरादेवी जी
स्व.श्री भारामल जी
स्व.श्री बलरामप्रसाद रूपरेला जी
स्व.श्री पेसुराम खूबचंदानी जी
छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत
सेवा · संस्कृति · संगठन
स्व.श्री अमर धावना जी
स्व.श्री बब्बन भोजवानी जी
स्व. श्री प्रताप मध्यानी जी
चेट्रीचंड्र ज्यु लख-लख वाधायुं...
(रजि.122202514913)
शदाणी संत डॉ.युधिष्ठिर लाल जी
सतगुरू साँई लालदास जी
छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत (युवा विंग)
माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी
डॉ रमन सिंह जी
बृजमोहन अग्रवाल जी
राजेश मूणत जी
सुनील सोनी जी
मोतीलाल साहू जी
पुरेंदर मिश्रा जी
मीनल चौबे जी
सत्यनारायण शर्मा जी
रमेश ठाकुर
अनुराग सिंह ठाकुर
नवीन मार्कंडेय
किरण देव सिंह
श्रीचंद सुन्दरानी जी
पूर्व विधायक - रायपुर उत्तर विधानसभा
संस्थापक - छत्तीसगढ़ सिन्धी सेवा महापंचायत
आनंद कुकरेजा
सतीश थौरानी
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज
संरक्षक - छत्तीसगढ़ सिन्धी सेवा महापंचायत
अमर गिदवानी
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत
पार्षद एवं एम.आई.सी.सदस्य न.पा.नि.रायपुर
श्री राजेश वासवानी
कार्यकारी अध्यक्ष -छत्तीसगढ़ सेवा सिंधी महा पंचायत
श्री रवि ग्वालानी
कोषाध्यक्ष
श्री जितेन्द्र बडवानी
महामंत्री
श्री चेतन तारवानी
-:चेयरमैन :-
श्री अमित जीवन
श्री किशोर आहूजा
कार्यकारी अध्यक्ष
श्री इंद्र डोडवानी
कार्यकारी अध्यक्ष
श्री गोविंद वाधवानी
कार्यकारी अध्यक्ष
महामंत्री
पार्षद
॥ जय झूलेलाल ॥
श्री अशोक मतानी
श्री वासुदेव जोतवानी
श्री चंदर विधानी
श्री दिनेश अठवानी
श्री पवन प्रीतवानी
श्री सुदेश मंध्यान
सह कोषाध्यक्ष
श्री राजेश पोपटानी
अमर दास खट्टर
राजू भाई तारवानी
श्री विनोद तलरेजा
श्री लक्ष्मण जगवानी
श्री राजेश गुरनानी
श्री दौलत परयानी
श्री संजय रहेजा
शिव ग्वालानी
श्री भरत प्रधनानी
सुनील मध्यानी
विकास सुखवानी
विजय सुन्दरानी
तेज कुमार बजाज
दिलीप इसरानी
अमित धावना
प्रकाश लालवानी
दयाल राजपाल
राजेश गिदवानी
हरिराम तलरेजा
श्री महेश मिरघानी
भावना कुकरेजा
राशि बलवानी
हर्षा मोटवानी
दीपिका जेठवानी
मंजू सुन्दरानी
श्री दीपक धर्मानी
श्री अशोक छेतीजा
प्रदेश अध्यक्ष
महेश आहूजा
कार्यकारी अध्यक्ष
प्रणीत सुंदरानी
कार्यकारी अध्यक्ष
दीपक रामनानी
चेयरमैन
संतोष लोहाना
देवाशीष गुरु
मशहूर कॉमेडियन
कृष्णा अभिषेक
द ग्रेट कपिल शर्मा शो फेम
एंकर
भूमिका मीरचंदानी
राज नावानी
कोषाध्यक्ष
सागर भावनानी
महासचिव
पंकज चिजवानी
महासचिव
दिनेश सुंदरानी
जितेन्द्र शादीजा
विशाल नेभानी
आकाश धावना
अमित गावरी
बंटी गाबड़ा
राहुल खूबचंदानी
आकाश डूडानी
नरेश पंजवानी
टिंकू लालवानी
पवन सोनेजा
जतिन नचरानी
विक्की डेंगवानी
अंकुश बजाज
सौरभ खटवानी
विजय लहरवानी
आदित्य(भारत) मोरयानी
सुनील मलानी
अविनाश खेतपाल
नंदन हरजानी
सेवक जीवनानी
विकास कोटवानी
सुशील दरिरा
प्रशांत राज गावरी
संजय मंजर
मनीष थरानी
समीर वेंस्यानी
अनुराग तलरेजा
जय केशवानी
विनय थावानी
दिनेश पंजवानी
प्रियांशु रत्नानी
राहुल तेजवानी
धनराज डोडवानी
आदर्श कलवानी
राहुल जेसरानी
संजू खटवानी
हेमंत बुधवानी
अमित चतवानी
भावेश माखीजा
अमर जेठवानी
राजीव मसंद
सचिन नानवानी
आनंद परचानी
योगेश गिडवानी
कमलेश भावनानी
आशीष वाधवानी
दीपक गंगवानी
संतोष सचदेव
भगवान झुलेलाल जी की शोभा यात्रा का भव्य स्वागत समारोह- रात 9 बजे- शारदा चौक, एम.जी. रोड, रायपुर छत्तीसगढ़
पूज्य छत्तीसगढ़ सिन्धी सेवा महापंचायत, रायपुर छत्तीसगढ़

# मल्टीलेवल की जगह कलेक्टोरेट परिसर में पार्क हो रहे वाहन, हर दिन लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित कलेक्टोरेट परिसर में हर दिन गाड़ियों के कारण जाम की स्थिति बन रही है, जिसके कारण पैदल चलने वालों को भी परेशानी होने लगी है। कलेक्टोरेट परिसर के पास ही करोड़ों रुपए की 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग बिल्डिंग बनाई गई है।

इस मल्टीलेवल में दोपहिया और कार चालक वाहन पार्क करना छोड़ कलेक्टोरेट परिसर में ही वाहन पार्क कर रहे हैं, जिसके कारण कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के सामने से लेकर अंदर परिसर में बेतरतीब गाड़ियों के खड़ी किए जाने से दिनभर में कई बार जाम की स्थिति बनते रहती है। इस जाम में कई बार अधिकारियों के वाहन भी फंस रहे हैं।

हरिभूमि सरोकार

### परिसर में 150 से ज्यादा दोपहिया-कार पार्क हो रही

*कलेक्टोरेट परिसर में हर दिन 150 से ज्यादा दोपहिया और कार पार्क हो रही हैं। इन गाड़ियों में कई लोग परिसर के मुख्य सड़क पर भी गाड़ी बेतरतीब तरीके से पार्क कर रहे हैं, जिसके कारण कलेक्टोरेट के मुख्य गेट से लेकर कलेक्टर के कक्ष के सामने जाम की स्थिति बन रही है।*





### कोर्ट में जगह नहीं इसलिए 20 प्रतिशत वाहन कलेक्टोरेट में पार्क

कलेक्टोरेट के बगल में जिला न्यायालय है, जहां वकीलों सहित आम लोगों के वाहन पार्क करने के लिए पार्किंग बनी हुई है, लेकिन पार्किंग की जगह कम पड़ने के कारण न्यायालय पार्किंग के स्थान लगभग 20 प्रतिशत वाहन चालक कलेक्टोरेट परिसर में ही पार्क कर रहे हैं।

### मल्टीलेवल में दो लेयर के बाद बहुत कम कारें हो रहीं पार्क

*मल्टीलेवल पार्किंग के गाउंड में दोपहिया वाहन खड़ा करने की व्यवस्था है, वहीं फर्स्ट लेयर से लेकर अन्य ऊपर लेयर में तीन एवं चारपहिया वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है, लेकिन कार चालक दो लेयर के बाद वाहन को मल्टीलेवल में पार्क नहीं कर कलेक्टोरेट परिसर में या फिर कलेक्टोरेट और मल्टीलेवल तथा जिला पंचायत भवन के बाहर मुख्य सड़क पर वाहन पार्क कर रहे हैं। इसके कारण मुख्य सड़क पर भी जाम की स्थिति बनती रहती है।*

## खबर संक्षेप

### गैस की बुकिंग को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आक्रोश

**रायपुर।** एलपीजी संकट के बीच केंद्र सरकार ने ग्रामीण उपभोक्ताओं के खिलाफ कड़ा निर्णय लेते हुए सिलेंडर बुकिंग की अवधि 45 दिन कर दी है। अब ग्रामीण इलाकों में एक सिलेंडर की डिलीवरी के बाद दूसरा सिलेंडर 45 दिनों से पहले बुक नहीं किया जा सकेगा, जबकि शहरों में यह सीमा 25 दिन है। यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू है। इसके अलावा बगैर ओपीटी के बुकिंग नहीं हो पा रहे हैं, 24 घंटे बाद भी सिलेंडर नहीं आ रहा, जिसके कारण उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संयुक्त परिवार निवास करते हैं, किसी भी स्थिति में 45 दिनों तक सिलेंडर नहीं चलता, लेकिन सरकार की इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में काफी आक्रोश है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 45 दिनों के बाद गैस की बुकिंग का आदेश वापस ले ताकि उपभोक्ता को राहत मिल सके।

### अदिति को पीएचडी की मिली उपाधि

**रायपुर।** पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी ने अदिति शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध का विषय इवेल्युशन आफ कस्टमर सेटिस्फेक्शन इन ई-बैंकिंग सर्विस था। उन्होंने अपना शोधकार्य तपेशचंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में पूरा किया है। उन्होंने बीकॉम एवं एमकॉम की पढ़ाई महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज से की है। वे रायपुर देवपुरी निवासी दिलीप कुमार शर्मा और सुधा रानी की पुत्री हैं।



## निधन

### मायादेवी जगवानी

**रायपुर।** कुकरेजा फार्म हाउस के पास, श्री मेडिकल वाली गली में मकान नं 3, महावीर नगर निवासी माया देवी जगवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 मार्च को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम जाएगी। वे स्व. रामचंद्र जगवानी की पत्नी, नारायण जगवानी, गुलाब जगवानी की भाभी एवं दास सुभाष जगवानी की माता थीं।



### आठ महीने में आधा दर्जन से ज्यादा प्लान बनाए लेकिन लागू नहीं कर पाए

# व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक मैनेज करने ट्रैफिक पुलिस का सिस्टम फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था सुधरने की उम्मीद थी, लेकिन इसके विपरीत शहर की ट्रैफिक समस्या जस की तस बनी हुई है। व्यवस्था सुधारने ट्रैफिक पुलिस पिछले आठ महीने में आधा दर्जन से ज्यादा प्लान बना चुकी है। उनमें से कई को अब तक ट्रैफिक पुलिस लागू नहीं कर पायी है। इनमें प्रमुख रूप से शहर में ऑटो का दबाव कम करने शहर में ऑटो रिक्शा चलाने जोन स्तर पर बंटवारा करना था, लेकिन ऑटो चालकों के विरोध के कारण ऑटो संचालन करने जोन स्तर पर अब तक बंटवारा नहीं हो पाया है।

ट्रैफिक पुलिस ने कोतवाली, मालवीय रोड, सदर बाजार जैसे व्यस्त मार्गों का ट्रैफिक वन वे करने के साथ ऑटो तथा मिनी डोर जैसे वाहन के प्रवेश पर रोक लगाने आदेश जारी किया था। जारी आदेश के विपरीत इन मार्गों पर पूरे दिन व्यस्त समय में भी ऑटो जिसमें ज्यादातर ई-रिक्शा के साथ छोटे मालवाहक मिनी डोर का प्रमुख मार्गों पर कब्जा रहता है। पीक टाइम में स्थिति ऐसी हो जाती है कि लोगों के लिए पैदल चलना दूभर हो जाता है। मालवीय रोड तथा एवरग्रीन चौक से मालवीय रोड जाने वाले मार्ग पर कारोबारी सड़क घेर कर आज भी कारोबार करते देखे जा सकते हैं।

**शहर में ऑटो का दबाव कम करने अब तक जोन बंटवारे का मामला अटका**



### बल की संख्या यथावत

*पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद ट्रैफिक पुलिस में बल की कमी दूर होने की उम्मीद थी। पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद अफसरों की संख्या बढ़ाई गई है, लेकिन जो धरातल में काम करने वाले ट्रैफिक पुलिस के जवान हैं, उनकी संख्या यथावत है। वर्तमान में ट्रैफिक पुलिस के पास साढ़े चार सौ के करीब बल है। उनमें से आधे के करीब वीआईपी ड्यूटी में तैनात रहते हैं।*

### इन प्लान के इंप्लीमेंट से मिली राहत

शहर के सबसे ज्यादा ट्रैफिक दबाव वाले क्षेत्र में जयस्तंभ से घड़ी चौक को ऑटो फ्री जोन घोषित कर इस मार्ग में ऑटो की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाने के बाद इस मार्ग पर ट्रैफिक ज्यादा स्मूथ हो गया है। इसी तरह से गुढ़ियारी, तेलघानी नाका, स्टेशन रोड के साथ रामसागर पारा, प्रभात टाकीज रोड में दिन के समय माल वाहक छोटे वाहन की आवाजाही पर रोक लगाने का असर दिखने लगा है। इस मार्ग पर भी ट्रैफिक सुगम हो गया है।

### नहीं बना पाए अब तक रोटरी

लोगों को ट्रैफिक सिग्नल के जंजाल से मुक्ति मिले, इसके लिए नगर निगन तथा ट्रैफिक पुलिस की टीम ने एक वर्ष पूर्व शहर के चौराहों का निरीक्षण किया था। इसके बाद भारत माता चौक, महिला थाना के सामने, अग्रसेन चौक, लाखेनगर चौक, आमापारा चौक, बंजारी बाबा की दरगाह के सामने तथा महिला थाना चौक के पास पक्का रोटरी बनाने का निर्णय लिया था। निर्णय को नगर निगम के साथ ट्रैफिक पुलिस अब तक अमलीजामा नहीं पहना पाई।

### जोन बंटवारा अधर में लटका

*पिछले वर्ष ट्रैफिक पुलिस ने शहर की सड़कों पर दौड़ रहे 20 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा के व्यवस्थित रूप से संचालन के लिए शहर को चार जोन रेलवे स्टेशन, बस टर्मिनल, शंकर नगर तथा टैगोर नगर जोन में बांटने का निर्णय लिया था। ट्रैफिक यूनियन के दबाव के कारण योजना धरातल पर आने के पहले धराशायी हो गयी। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो यूनियन के साथ बैठक कर उन्हें व्यवस्थित रूप से ऑटो संचालन करने प्लान बनाकर देने के लिए कहा। ऑटो यूनियन ने ट्रैफिक पुलिस को नजरअंदाज करते हुए अब तक प्लान बनाकर नहीं दिया है।*

### ज्यादातर चौक अब तक लेफ्ट टर्न फ्री नहीं हो पाए

शहर के प्रमुख चौराहों को लेफ्ट फ्री कराने उपाय करने का प्रयास किया गया, लेकिन इसमें भी ट्रैफिक पुलिस सफल नहीं हो पायी है। कुछ चौराहों को छोड़ ज्यादातर चौक अब तक लेफ्ट टर्न फ्री नहीं हो पाए हैं। पूर्व में लेफ्ट टर्न के लिए प्लास्टिक के पोल लगाए गए थे। वह टूट गए हैं या उखड़ गए हैं। इसमें प्रमुख रूप से कालीबाड़ी चौक, कलेक्टोरेट चौक, शंकर नगर, कांग्रेस भवन चौक, देवेंद्र नगर नमस्ते चौक।

## इग्नू ने फिर बढ़ाई दाखिले की तिथि, चुकाना होगा विलंब शुल्क

**रायपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने ओडीएल एवं ऑनलाइन कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए अंतिम तिथि 30 मार्च तक बढ़ा दी है। पुनः पंजीकरण के लिए सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों को छोड़कर विलंब शुल्क 200 रुपए के साथ इसी अवधि तक जमा कर सकते हैं। प्रक्रिया में जनवरी-2026 सत्र में सेमेस्टर व मेरिट आधारित व प्रमाणपत्र कार्यक्रमों के प्रतिभागी शामिल नहीं होंगे। इग्नू के मुताबिक, विवि मुक्त, दूरस्थ व डिजिटल मोड से उच्च शिक्षा प्रदान करने वाला केंद्रीय संस्थान है। ऐसे कोई अभ्यर्थी जो उच्च शिक्षा के माध्यम से अपने ज्ञान और कौशल का संवर्धन करना चाहते हैं, वह इग्नू में प्रवेश ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए इग्नू की वेबसाइट पर जाकर दिए गए पर जाकर सूचनाओं को अंकित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में प्रवेश संबंधी जानकारी अध्ययन केंद्र से प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है, इग्नू इसके पूर्व भी दाखिले की तिथि में वृद्धि कर चुका है। अपेक्षाकृत कम दाखिले होने के कारण इग्नू द्वारा प्रवेश तिथि में वृद्धि करते हुए छात्रों को सुविधा प्रदान की जा रही है।

- 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे छात्र

*रविवि ने भी खोला आवेदन पोर्टल : पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने भी अपना आवेदन पोर्टल खोल दिया है। हालांकि यह आवेदन रविवि संबद्ध महाविद्यालयों के लिए ना होकर केवल अध्ययनशाला के लिए है। रविवि अपने अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कराता है।*

## मालवीय रोड से ठेले, गुमटियों को हटाया, 20 दुकानदारों पर जुर्माना



**रायपुर।** शहर में यातायात को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए टीम प्रहरी अभियान के तहत मालवीय मार्ग पर गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर कब्जा जमाए ठेले, गुमटियों और दुकानदारों के समान हटाए गए। इसके साथ ही नियम का उल्लंघन करने वाले 20 दुकानदारों के कपड़े सहित सामान को जब्त कर 39 हजार रुपए का ई चालान किया। राजधानी के विभिन्न प्रमुख बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण से मुक्त कराने जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम अभियान चला रही है। इसी कड़ी में मालवीय रोड क्षेत्र में 10 ठेले और गुमटियों को हटाया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने पहले दुकानदारों को समझाइश दी कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें, इससे आम जनता को यातायात में परेशानी का सामना करना पड़ता है। चेतावनी के बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कड़ाई बरती गई। निगम आयुक्त विश्वदीप और यातायात एसपी अजय कुमार के निर्देश अनुसार एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, अपर आयुक्त नगर निवेश पंकज शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी की उपस्थिति में अभियान चलाया गया।

# प्रोजेक्ट अजा को द इकोनॉमिक टाइम्स गवटेक अवार्ड मिला

- कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को दिया गया पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




जिला प्रशासन द्वारा संचालित अभिनव पहल "प्रोजेक्ट अजा" को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राष्ट्रीय समाचार पत्रिका द इकॉनमिक्स टाइम्स द्वारा इस पहल को प्रतिष्ठित द इकॉनॉमिक टाइम्स गवटेक अवार्ड-2026 में एग्रीटेक फॉर फार्मर एम्पॉवरमेंट श्रेणी के अंतर्गत सम्मानित किया गया है।

नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान जिले में किसानों को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे नवाचारों और प्रभावी कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना का प्रतीक है। "प्रोजेक्ट अजा" के माध्यम से जिले में किसानों, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना के तहत महिला समूह को बकरी पालन के लिए प्रेरित कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय जिले की पूरी टीम और लाभान्वित हितग्राहियों को देते हुए कहा कि यह सम्मान महिलाओं को आगे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

*हर साल एक लाख रुपए से अधिक आय : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार संचालित "प्रोजेक्ट अजा" का उद्देश्य जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित हो रही है। इस योजना के तहत महिला हितग्राहियों को 10 बकरियां एवं 2 बकरे उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे वे बकरी पालन के माध्यम से स्वरोजगार अपनाकर प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। साथ ही, मुर्गी पालन एवं गोबर खाद (गोट मैन्योर) से अतिरिक्त आय के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।*

## पेज 13 के शेष ...

### सीवरेज टंकियों की सफाई कैसे हो, आबादी...

से सक्शन मशीन आने का इंतजार करना पड़ता है, जबकि इस जोन में 7 वार्ड शामिल हैं। बड़ी मशीन से सेप्टिक टैंक सफाई का 1200 रुपए शुल्क तय है, जबकि छोटी मशीन से सफाई कराने पर 1 हजार रुपए शुल्क देना होता है। हालत ये है कि जोन मुख्यालय में आवेदन देने के 2 से 3 दिन बाद आवेदक के यहां सेप्टिक टैंक सफाई के लिए मशीन पहुंच रही है।

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष...

साथ हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने मृतक परिजनों की पूरी बात सुनी है कि आखिर घटना कैसे घटित हुई थी। सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुसार पूरा घटनाक्रम जांच का विषय है। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

**काम करवाना था तो कार्पोरेशन को सूचित करते :** घटना स्थल का मुआयाना करने के बाद श्री गिल ने कहा कि हमने घटना स्थल की जांच की है, वहां पर कुछ खामियां पाई गई हैं। सेप्टिक टैंक की रात में सफाई कराने को लेकर श्री गिल ने सवाल उठाते हुए कहा कि टैंक की सफाई करानी थी तो कोर्पोरेशन को सूचित करते। आयोग के अध्यक्ष ने मृतकों के परिजनों को अस्पताल प्रबंधन सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के तहत मुआवजा राशि देने के साथ आश्रितों को सरकारी नौकरी व पुनर्वास के लिए जो भी सरकार की जिम्मेदारी होगी, उसके निर्वहन किए जाने की बात कही। आयोग के अध्यक्ष ने किसी भी तरह की शिकायत आने पर निष्पक्ष कार्रवाई करने आश्वासन दिया है।

### चंगोराभाठा, खम्हारडीह के दर्जनभर...

का निर्माण होना है, पर नगर निगम द्वारा अब तक संबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर जारी नहीं किया जा सका है। ऐसे में संबंधित इलाकों में एक बार फिर गर्मी के सीजन में पानी के लिए किचकिच की स्थिति आ सकती है।

**पानी की किल्लत, टैंकर पहुंचते ही मोहल्ले में पानी भरने लग रही भीड़ :** लोग नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के पार्वती नगर, वृंदावन कालोनी में पेयजल का भारी संकट बना हुआ है। इसके साथ ही खम्हारडीह की सतनामी पारा बस्ती, भावनानगर, सेल टैक्स कालोनी, नीलाचल विहार, श्रीरामनगर फेज 1, में रहने वाले लोगों के घरों में नगर निगम के नल से लो प्रेशर होने से पानी की किल्लत हो रही है। इसी तरह एकता चौक में जल संकट गहराने से नगर निगम को जोन से पानी टैंकर भेजना पड़ रहा है। प्रभावित इलाके में पानी टैंकर पहुंचते ही महिलाएं, युवा और बच्चे बाल्टी, गुंडी लेकर पानी भरने पहुंचते हैं। वार्ड पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने वार्ड में पेयजल संकट दूर करने महापौर से लेकर निगम आयुक्त और जोन कमिश्नर को भी कई बार ध्यान आकर्षित कराया, इसके बाद भी पानी की समस्या अब तक दूर नहीं की जा सकी।

**55 स्थानों पर होगा बोरवेल खनन, 26 को खुलेगा टेंडर :** नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में 55 स्थानों पर नए बोरवेल खनन कराया जाएगा। इसके लिए निगम मुख्यालय से बोरवेल खनन की एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया गया है। यह टेंडर 26 मार्च को खुलेगा। वहीं पानी की किल्लत वाले चिन्हांकित इलाकों में मांग के आधार पर किराये के पानी टैंकर चलाए जाएंगे। किराये के पानी टैंकर के लिए रीटेंडर किया गया है, जो 8 अप्रैल को खोला जाएगा।

### दोबारा नहीं होंगी परीक्षाएं, अन्य विषयों के...

करीब 13,500 से ज्यादा कक्षा 10 के छात्रों को राहत मिली है। साथ ही अब कई छात्र अपने नंबर बेहतर करने के लिए इम्प्रूवमेंट एग्जाम देने की भी तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है, बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में हालात अचानक बदल गए थे। सुरक्षा कारणों से 2 मार्च के बाद होने वाली कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। हालांकि 17 फरवरी से 28 फरवरी के बीच जो परीक्षाएं हुईं, वे पूरी हो गईं। इस दौरान कुल 44 पेपर कराए गए, जिनमें गणित, अंग्रेजी, विज्ञान जैसे मेन सब्जेक्ट के साथ भाषा और स्किल आधारित विषय भी शामिल थे।

### इस तरह तैयार होंगे...

सबसे अच्छे तीन विषयों का औसत लिया जाएगा। इसी तरह दो या तीन पेपर देने वाले छात्रों के लिए भी अलग-अलग फॉर्मूला तय किया गया है। सीबीएसई ने यह भी साफ किया है कि मिडिल ईस्ट के छात्रों का रिजल्ट बाकी छात्रों के साथ ही घोषित किया जाएगा।

## बिजनेस साइट

### श्री नारायणा हॉस्पिटल में जटिल माइक्रो वैस्कुलर सर्जरी सफल



**रायपुर।** श्री नारायणा हॉस्पिटल में प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने एक जटिल माइक्रो वैस्कुलर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर एक युवा श्रमिक का हाथ कटने से बचा लिया। उरला औद्योगिक क्षेत्र में आरा मशीन हादसे में घायल श्रमिक के बाएं हाथ की ब्रैकियल आर्टरी कट गई थी और कोहनी के पास बड़ा सॉफ्ट टिश्यू डिफेक्ट हो गया था, जिससे हाथ में रक्त प्रवाह रुकने लगा था। गंभीर स्थिति को देखते हुए प्लास्टिक सर्जन डॉ. नीरज पांडे ने तत्काल सर्जरी का निर्णय लिया। करीब सात घंटे चली इस जटिल प्रक्रिया में 'फ्लो-थ्रू वीनस फ्लैप' तकनीक का उपयोग किया गया, जिसमें मरीज की ग्रेट सैफेनस वेन से रक्त प्रवाह बहाल कर क्षतिग्रस्त हिस्से को कवर किया गया। श्री नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने इस अवसर पर बताया कि इन सभी अत्याधुनिक टेक्निक्स के उपयोग के बाद मरीज तेजी से रिकवर हो रहा है और अब उसका हाथ पूरी तरह से सुरक्षित है।

**"उद्घोषणा"**

क्रमांक 2248/आर.सी./रा.वि.प्रा./ 2026
रायपुर, दिनांक 17.03.26

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर (बस टर्मिनल) योजना के अंतर्गत श्री महेश कुर्रे पिता श्री कोदूराम कुर्रे को दुकान क्रमांक 02 (भूतल) क्षेत्रफल 112 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त दुकान को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दुकान को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर (छ.ग.)

**:: आम सूचना ::**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाके मौजा ग्राम- - केवतरा, प.ह.नं. - 00027, रा. नि. मं. - छपोरा, तहसील - तिल्दा, जिला - रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 76/2, रकबा 0.5550 हे. कृषि भूमि को मेरा पक्षकार श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह, पिता श्री रामनाथ सिंह, निवासी शिवनंद नगर, सेक्टर-3, सबस्टेशन के पास, खमतराई- 2 रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. नरेश नानवानी, पिता राजेश नानवानी, निवासी-खुशी अस्पताल के पास, तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर छ.ग. एवं 02. संकेत अग्रवाल पिता श्री रामगोपाल अग्रवाल पता- श्याम सेल्स, जनपद कॉम्पलेक्स, तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर छ.ग. ने वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम राशि अदा कर दी है। अब मात्र बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्र) की कार्यवाही शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार या उनके किसी भाग के संबंध में जिस व्यक्ति, संस्था फर्म बैंक, महाजन, बोर्ड पंचायत प्राधिकरण, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय 07 (सात) दिन के भीतर में वैध एवं असल दस्तावेज को प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत दर्ज करावे नियत समय अवधि बीत जाने पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति स्वयमेव शून्य विधि रूप से निष्प्रभावी एवं अवैध समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन (रजिस्ट्री) की कार्यवाही कर ली जावेगी । सो सूचना जाने

स्थानः रायपुर छ.ग. दिनांक : 19.03.2026

भवदीय
राज रजिन्दर सिंग अधिवक्ता जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर (छ.ग.)
मो. न. 98278-08212

**कार्यालय रा.नि.म.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील - रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 18/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव शंकर साहू पिता स्व. दुखराम साहू निवासी लक्ष्मी नगर प्रिंस कालोनी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल- रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 81/19 रकबा क्रमशः 1000 वर्गफूट हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 1000 वर्गफूट भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/03/2026 के परिपालन में दिनांक 01/04/2026 को समय अपरान्ह 2 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी / राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)

**कार्यालय रा.नि.म.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील - रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 18/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कनक सिंह पिता उपेन्द्र कुमार सिंह निवासी कृष्णा नगर बोरिया रोड द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 80/24 रकबा क्रमशः 1000 वर्गफूट हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 1000 वर्गफूट भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/03/2026 के परिपालन में दिनांक 01/04/2026 को समय अपरान्ह 2 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी / राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)

**कार्यालय रा.नि.म.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील - रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 18/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनिता गुप्ता पति श्री अशोक प्रसाद निवासी कृष्णा नगर बोरिया रोड रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 81/8 रकबा क्रमशः 1000 वर्गफूट हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 1000 वर्गफूट भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/03/2026 के परिपालन में दिनांक 01/04/2026 को समय अपरान्ह 2 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी / राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)

**कार्यालय रा.नि.म.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील - रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 18/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नूतन गुप्ता पति श्री विनय प्रसाद निवासी कृष्णा नगर बोरिया रोड रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 81/7 रकबा क्रमशः 1000 वर्गफूट हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 1000 वर्गफूट भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/03/2026 के परिपालन में दिनांक 01/04/2026 को समय अपरान्ह 2 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी / राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)

**कार्यालय रा.नि.म.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील - रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 18/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जय प्रकाश गुप्ता पिता जुगल किशोर गुप्ता निवासी कृष्णा नगर बोरिया रोड रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 81/9 रकबा क्रमशः 1000 वर्गफूट हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 1000 वर्गफूट भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/03/2026 के परिपालन में दिनांक 01/04/026 को समय अपरान्ह 2 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी / राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)

**कार्यालय रा.नि.म.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील - रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 18/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप कुमार पिता उदय प्रसाद गुप्ता निवासी कृष्णा नगर बोरिया रोड रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 80/34 रकबा क्रमशः 1000 वर्गफूट हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 1000 वर्गफूट भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/03/2026 के परिपालन में दिनांक 01/04/2026 को समय अपरान्ह 2 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी / राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सुशांत का नवोदय में चयन होने पर मिला गिफ्ट

**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर खौली के होनहार विद्यार्थी सुशांत कुमार निर्मलकर को नवोदय में चयनित होने पर संकुल केंद्र खौली की ओर से प्रशस्ति पत्र, कम्पास बॉक्स, पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य सुनीता वर्मा, संकुल समन्वयक उगेश कुमार साहू, प्रधानाचार्य प्रेमलता चंद्राकर सहित समस्त आचार्य व शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। समस्त सदस्यों ने विद्यार्थी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शाला परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कुशमिता का नवोदय विद्यालय में चयन

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत खिलोरा निवासी गिरवर पटेल की सुपुत्री कुशमिता पटेल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा में हुआ है। कुशमिता की इस उपलब्धि से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। कु.कुशमिता ने इस सफलता का श्रेय एम्बिशन कोचिंग संस्थान सिवनी के संस्थापक बी.आर. रात्रे सर, माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

### अंजोरा मेले में 85 का किया नेत्र परीक्षण

**कूंरा।** कूंरा में साहू समाज एवं नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू के नेतृत्व में साहू समाज भवन में बुधवार 18 मार्च को अंजोर मेला अंतर्गत विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन संपन्न किया गया। शिविर में आंख की बहुचर्चित एम जी एम अस्पताल रायपुर की डाक्टरों की टीम पहुंचकर निशुल्क सेवाएं दिए। उक्त शिविर में कुल 85 लोग लाभान्वित हुए, जिनमें 46 लोगों का आंख जांच कर तुरंत निशुल्क चश्मा डाक्टरों द्वारा दिया गया तो वहीं कूंरा नगर के 8 महिलाएं एवं 12 पुरुषों को आंख आपरेशन हेतु एम जी एम अस्पताल रायपुर ले जाया गया। नगर अध्यक्ष कूंरा गोविंद साहू ने एम जी एम अस्पताल के डाक्टरों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष गोविंद साहू, पार्षद प्रतिनिधि मोहन प्रजापति, हेमिन बाई साहू, धनसाय साहू, हरिराम साहू, राजकुमार साहू का योगदान रहा।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**अभनपुर।** राजिम मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम जंवईबांधा निवासी मनीष कुमार साहू ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी अनुसार 18 मार्च को रात लगभग 8:30 बजे मनीष कुमार अपने साथियों जिनेन्द्र कुमार साहू और जीवन साहू के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एल जेड 1609 से अभनपुर से अपने गांव जंवईबांधा लौट रहे थे। मोटरसाइकिल जीवन साहू चला रहा था, मनीष बीच में और जिनेन्द्र साहू पीछे बैठे थे। अभनपुर-राजिम रोड ओवरब्रिज के पास निर्माणाधीन सड़क में बने गड्ढे में अचानक मोटरसाइकिल के जाने से संतुलन बिगड़ गया और पीछे बैठे जिनेन्द्र साहू उछलकर सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए जिनेन्द्र साहू उम्र 20 वर्ष को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अभनपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 106(1) के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

### गौ सेवक का सम्मान 27 अप्रैल को

**आरंग।** 27 अप्रैल को गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत पूरे देश में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए गौ सेवक नगर व गांव के चौक-चौराहों सहित घरों में पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाने हेतु पत्र भेंट कर आमंत्रित कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए देशभर में सभी सनातनी, साधु-संत, गौ सेवक व गौ प्रेमी 27 अप्रैल को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम गो-रक्षा व गो-सम्मान के लिए तहसील व अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

# मां कर्मा जयंती समारोह में दो जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह

## जयंती के उपलक्ष्य में महिलाओं ने निकाली भव्य कलशयात्रा और खिचड़ी के प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम पोड़ में परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण (नवागांव) एवं ग्राम साहू समाज के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कर्मा माता की विधिवत पूजा-अर्चना, यज्ञ-हवन एवं खिचड़ी भोग के साथ हुई, जिसके बाद महिलाओं द्वारा कलश यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर दो जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाज एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। गोधूलि बेला में संपन्न हुए इस विवाह में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाज के लोग शामिल हुए। समाज एवं अतिथियों द्वारा नवदंपत्तियों को बर्तन, पलंग, गद्दा, ड्रेसिंग टेबल सहित अन्य उपयोगी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान कर आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्र कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कर्मा माता, माता राजिम एवं दानवीर भामाशाह के योगदान का उल्लेख करते हुए आदर्श विवाह की परंपरा को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए आर्थिक सहयोग की घोषणा की तथा समाज भवन हेतु 3 लाख रुपये और अन्य विकास कार्यों के लिए राशि देने की घोषणा की वही विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने भी समाज की एकजुटता एवं ऐसे आयोजनों की सराहना की। पुर्व मंत्री श्री साहू ने विभिन्न सफल सामाजिक आयोजन के लिए समाजसेवी ब्रह्मानंद साहू जिक्र करते बधाई दी।



फाईल फोटो

### ये रहे मौजूद

ग्रामीण अध्यक्ष द्वारका साहू के द्वारा समाज के 10वीं 12वीं में 75 परसेंट से ऊपर अंक पाने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि से सम्मानित किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती ओम कुमारी साहू, जनपद पंचायत प्रतिनिधि जितेंद्र बंजारे, जनपद सभापति ब्रह्मानंद साहू, किसान मोर्चा जिला रायपुर अध्यक्ष परदेसी राम साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ तुलेश कुमार साहू, गेंदलाल साहू, रामकुमार हिरवानी, श्रीमती कमला देवी साहू, भुवन साहू, श्रीमती निर्मला साहू, मनीष कुमार साहू, श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती कुंती साहू, तूकेश कुमार साहू, श्रीमती धनमती साहू, श्रीमती गीता साहू, भुवनेश्वरी साहू, द्वारका साहू, मुकेश साहू, नरसिंह साहू, राकेश साहू, गीताराम साहू, गोपालशंकर साहू, चानुक राम साहू, लोमश साहू, मोहन साहू, बिसहत साहू, धनीराम साहू, अवध साहू, धनेश साहू, पुष्पा साहू, बिंदा साहू, समाज सेवक गणपत साहू, मनहरण साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 50-50 फीट गहरी खानों से पानी संकट गहराने की आशंका

# चूना पत्थर खदानों का प्रदूषण सेहत और कृषि के लिए घातक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के पास स्थित धनसुली के चुना पत्थर की खदाने में जहां पत्थर की चादरों को तोड़ने के लिए किया जा रहा हैवी ब्लास्टिंग जिससे मकानों पर होती है कम्पन और दीवारों पर पड़ रहे दरारें साथ ही हैवी ब्लास्टिंग के चलते गांव की हैं। तालाब कुआं और हैड पंप सूखने लगे और पानी की किल्लत बढ़ने लगा वो जहां पत्थर खदानों की गहराई भी 50 फिट से अधिक होने से गांव की तालाबों कुआं तथा हैंड पंप की जल स्रोत खदानों की ओर बह जाती हैं और खदानों से पानी को पंप से बाहर फेंकने से पानी संग्रहित नहीं हो पाए जिसके चलते वाटर लेवल नीचे जा रहे हैं।

### उर्वरता होती है कम

डॉ कृष्ण कुमार मृदा विशेषज्ञ ने बताया कि पत्थर खदानों और क्रशर से निकलने वाला धुंआ और धूल कृषि भूमि को गंभीर रूप से नुकसान पहुँचाते हैं। यह धूल फसलों पर बैठकर प्रकाश संश्लेषण को रोकती है, मिट्टी की ऊपरी उपजाऊ परत को नष्ट करती है, जल स्रोतों को प्रदूषित करती है, और एसिड माइन ड्रेनेज के माध्यम से मिट्टी को बंजर बना देती है। कृषि भूमि पर पत्थर खदानों के धुएं और धूल के प्रमुख प्रभावः फसलों को नुकसानः पत्थरों की धूल फसलों की पत्तियों पर जम जाती है, जिससे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बाधित होती है और प्रकाश-संश्लेषण में कमी के कारण पैदावार कम हो जाती है। मिट्टी की उर्वरता में कमीः खनन से निकलने वाली धूल और मलबे से मिट्टी की उपजाऊ ऊपरी परत नष्ट हो जाती है। इसके अलावा, धूल के कारण मिट्टी में रासायनिक परिवर्तन होते हैं, जो पौधों के विकास के लिए हानिकारक हैं। बीएमओ डॉ लक्ष्मी अनंत ने कहा कि पत्थर खदानों से निकलने वाला धूल-धुआं मुख्य रूप से श्वसनीय क्रिस्टलीय सिलिका से युक्त होता है, जो फेफड़ों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इसके कारण सिलिकोसिस जैसी जानलेवा बीमारी, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सांस लेने में तकलीफ, आंखों/गले में जलन और फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। सिलिकोसिस यह सबसे गंभीर बीमारी है। सांस के माध्यम से सिलिका के महीन कण फेफड़ों में जमा हो जाते हैं, जिससे फेफड़े के ऊतक नष्ट हो जाते हैं और सांस फूलने लगती है।

# हॉस्पिटल में सेंधमारी, दो गिरफ्तार लैपटॉप और हार्डडिस्क जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

विधानसभा थाना अंतर्गत सड्डू स्थित गिनीदेवी गोयल मनीपाल हॉस्पिटल के ऑफिस में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी किया गया लैपटॉप और हार्डडिस्क बरामद कर लिया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 70,000 रुपये बताई जा रही है।



■ खिड़की के रास्ते घुसकर उड़ाया था लैपटॉप और हार्डडिस्क

मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी अर्नव चक्रवर्ती, जो वुडक्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत हैं, ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 मार्च की रात करीब 7:30 बजे वे ऑफिस बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वे ऑफिस पहुंचे, तो देखा कि वहां रखा लैपटॉप और हार्डडिस्क गायब थे। जांच में पता चला कि किसी अज्ञात चोर ने ऑफिस की खिड़की के रास्ते अंदर प्रवेश कर इस चोरी को अंजाम दिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(3) और 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विधानसभा थाना पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने संदेह के घेरे में आए रूद्रांश श्रीवास्तव उर्फ टीशू को हिरासत में लिया। पुलिसिया पूछताछ में पहले तो वह टालमटोल करता रहा, लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली।

पुलिस ने आरोपी रूद्रांश श्रीवास्तव (21 ), जो मूल रूप से भेड़ाघाट का निवासी है और वर्तमान में सत्यम नगर कचना में रह रहा था, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया गया है। इस कार्रवाई में विधानसभा थाना प्रभारी और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### प्रांजय का नवोदय में चयन का स्वागत

**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग के तहत पीएम श्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय भानसोज के प्रतिभावान छात्र प्रांजय खंडेलवाल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में होने पर विद्यालय परिवार एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। प्रांजय ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। शिक्षकों ने प्रांजय को बधाई देते हुए इसे पूरे स्कूल के लिए गर्व का विषय बताया। शिक्षकों ने कहा कि प्रांजय शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी, अनुशासित और मेहनती छात्र रहे हैं, जिनकी लगन आज सफलता के रूप में सामने आई है।

# अग्रसेन योगासन शाखा में हिंदू नववर्ष मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

अग्रसेन योगासन शाखा एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर, अग्रवाल पारा आरंग के संयुक्त प्रयास से अग्रसेन योगासन शाखा द्वारा अपनी नित्य दिनचर्या—आसन, प्राणायाम, ध्यान योग एवं ध्वज प्रणाम के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अमर आहूजा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष महेंद्र सिंह अरोरा द्वारा भारत माता, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार एवं सदाशिव गोलवलकर के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि अमर आहूजा ने कहा कि चैत्र मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। कार्यक्रम के अध्यक्ष महेंद्र सिंह अरोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के ही दिन त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था तथा द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक हुआ था।

अमिताभ अग्रवाल ने कहा कि आज के ही दिन सूर्य एवं चंद्रमा मीन राशि में प्रवेश करते हैं, इसलिए प्रत्येक शुभ कार्य शुक्ल पक्ष में करना उत्तम माना जाता है। विनोद गुप्ता ने कहा कि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन ही माता काली ने चौसठ योगिनियों का रूप धारण कर घोर नामक राक्षस का वध किया था। माता के क्रोध को शांत करने के लिए भक्तगण नौ दिन तक उपासना करते हैं। यह पर्व त्याग, तपस्या एवं साधना का पर्व है। दीपक साहेब गुरुगोस्वामी ने कहा कि यह पर्व हिंदुओं के लिए नव उत्साह का प्रतीक है। हमें माथे पर तिलक, हाथ में मौली धागा एवं सिर पर शिखा धारण करना चाहिए तथा घर पर भगवा ध्वज एवं दीप जलाकर नववर्ष का स्वागत करना चाहिए। एक-दूसर के घर जाकर नववर्ष की शुभकामनाएं देना भी इस पर्व की परंपरा है। अभिनेष अग्रवाल ने कहा कि उज्जैन के न्यायप्रिय राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त कर विक्रम संवत का प्रारंभ किया। बाद में उनके ही पौत्र शालिवाहन ने शालिवाहन शक का प्रारंभ किया। कामता पाल ने कहा कि आज जहां अधिकांश हिंदू नव संवत्सर मनाते हैं, वहीं बिहार के आदिवासी समाज इस दिन को काला दिवस के रूप में भी स्मरण करते हैं।

### सशिमं रीवा में हिंदू नववर्ष मनाया गया

जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत आने वाले ग्राम रीवा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हिंदू नववर्ष का पर्व बड़े ही धूमधाम, उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सुबह से ही उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने मिलकर नववर्ष के स्वागत में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुई, जिसमें भारत माता एवं मां सरस्वती की आराधना कर नवसंवत्सर के मंगलमय होने की कामना की गई। इसके पश्चात विद्यालय के घोष दल द्वारा सुमधुर ध्वनि के साथ पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित छात्र-छात्राएं आकर्षण का केंद्र रहे। गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शोभायात्रा में "भारत माता की जय" एवं "वंदे मातरम्" जैसे जयघोषों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम भारती के सचिव सुरेंद्र कुमार नशीने विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदू नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नववर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, नई सोच और सकारात्मक संकल्पों का प्रतीक है।

# सशिमं के बच्चों ने हिंदू नववर्ष पर निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुल्लू




ग्राम पंचायत गुल्लू स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार को हिंदू नववर्ष के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उत्साह और उल्लास से भरपूर इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने पूरे ग्राम में नववर्ष का संदेश पहुंचाया। शोभायात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बाजार चौक, अर्धनारीश्वर शिव मंदिर होते हुए बस स्टैंड रोड के रास्ते पूरे ग्राम में निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने "नववर्ष मंगलमय हो", "विक्रम संवत अमर रहे", "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" जैसे जयघोष लगाकर वातावरण को भक्तिमय व देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम भारती, जिला रायपुर ग्रामीण के मुकेश साहू ने सभी को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। वहीं विद्यालय के सचिव अशोक यादव ने हिंदू नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसी दिन भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक, महाभारत काल में युधिष्ठिर का राजतिलक तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी संस्कृति को सहेजने और नई ऊर्जा के संचार का प्रतीक है। इस अवसर पर अशोक यादव ने आगे कहा कि नववर्ष के साथ ही नौ दिनों तक घर-घर में रंगोली सजाई जाती है और दीप प्रज्वलित किए जाते हैं, जो सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने सभी से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को अपनाने का आह्वान किया।

## कार्यक्रम में 200 से अधिक पूर्व छात्र हुए शामिल

# अरुंधती विद्यालय में पूर्व छात्रों की महफिल सजी, बचपन हुआ जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पीएम श्री अरुंधती देवी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन 'स्पंदन' ने स्मृतियों का ऐसा समां बांधा कि हर पूर्व छात्र का चेहरा खिल उठा। बरसों बाद अपने पुराने स्कूल की दहलीज पर कदम रखते ही वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारियों से लेकर युवा वर्ग तक, सबकी आंखें पुरानी यादों से नम और दिल उत्साह से लबालब नजर आए। कार्यक्रम में 200 से अधिक पूर्व छात्रों ने शिरकत कर अपनी गौरवशाली विरासत को नमन किया। अरुंधती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष आरंग डॉ. संदीप जैन ने अपने संबोधन में विद्यालय में बिताए दिनों को याद करते हुए माहौल को भावुक और खुशनुमा बना दिया। उन्होंने मंचासीन गुरुजनों को नमन करते हुए स्कूल के विकास में पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया। उन्होंने अपने गीतों की स्वर लहरियों से माहौल को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त कमिश्नर बी.एल. तिवारी ने कहा कि "अरुंधती विद्यालय की यादें आज भी मेरे स्मृति पटल पर सजीव हैं। मेरी सफलता की नींव इसी संस्थान में रखी गई थी।" उन्होंने इसे अभूतपूर्व सम्मेलन बताया। अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य पी.डी. द्वारकानी ने पुरानी यादें साझा करते हुए कहा कि इसी विद्यालय में पढ़ने के बाद वे यहां भौतिकी पढ़ाकर ज्ञान का दीप जलाते थे और आज अपने सफल पूर्व छात्रों से मिलकर उन्हें एक सुखद 'स्पंदन' की अनुभूति हो रही है। थिंक आईएएस कोचिंग के संचालक मुरली मनोहर देवांगन ने गर्व के साथ कहा कि इसी स्कूल से मिली शिक्षा के दम पर आज वे सैकड़ों छात्रों का मार्गदर्शन कर पा रहे हैं।



### विकाश के लिए संकल्पित

एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरंधर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एलुमनी मीट की कल्पना को स्मरण करते हुए सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से विद्यालय के निरंतर विकास पर अपनी बात रखी तथा कहा कि छत्तीसगढ़ शासन विकास के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर सभी पूर्व छात्रों ने अपना अंशदान भी दिया, जिसमें पूर्व छात्र एवं शिक्षक पी.डी. द्वारकानी द्वारा 21 हजार रुपये, राजेंद्र गुप्ता द्वारा 11 हजार रुपये एवं प्रदीप चंद्राकर द्वारा 5100 रुपये की राशि प्रदान की गई। संस्था की प्राचार्य संध्या रानी बारीक ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय विकास के लिए मांग पत्र भी नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा। महफिल में पूर्व छात्र सेक्सोफोन विशेषज्ञ लल्ला सहानी ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा वरिष्ठ जन रमेश तिवारी, शंकरदयाल शर्मा, विनायक धुरंधर, प्रहलाद पटेल, ध्रुव नारायण शुक्ला, माणिक लाल मिश्रा, सुरेंद्र अग्निहोत्री 'आगी', विनोद गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, सतीश तिवारी, डॉ. तेजराम जलक्षत्री, राजेश शर्मा, नरेश चौबे और हेमंत गुप्ता आदि ने संगीत, गीत, ग़ज़ल, भजन और शेरो-शायरी के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर छात्र जीवन की यादों को साझा किया। सभी पूर्व छात्रों को गुलाब पुष्प, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व छात्र एवं शिक्षक बंधु अरविंद वैष्णव एवं हरीश दीवान ने किया। अंत में सभी ने स्नेह भोज का आनंद लिया और पुरानी यादों की पोटली समेटे विदा ली। कार्यक्रम में अनेक पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि, पार्षद नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी, पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, तोषण साहू, पत्रकार गण, विशिष्ट जन एवं पीएम श्री अरुंधती देवी विद्यालय का शाला परिवार उपस्थित रहा।

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त, 1 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के दिशा-निर्देश में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से उनकी खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर ग्रामीण पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है।

इसी तारतम्य में 17.03.26 को थाना मंदरिहसौद पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत परसदा के पास से 01 व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मंदिरहसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये को चिह्नांकित कर पकड़ा गया पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम ईश्वर धृतलहरे निवासी मंदिरहसौद का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे दोपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट ट्रामाडोल रखा होना पाया गया।

टीम के सदस्यों द्वारा उक्त प्रतिबंधित टेबलेट रखने में वैध दस्तावेज की मांग करने पर आरोपी द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया तथा टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया गया।

जिस पर आरोपी ईश्वर घृतलहरे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 200 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट ट्रामाडोल तथा घटना में प्रयुक्त 01 दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 85,000/- रुपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अप क्र 142/26 धारा 21(b ) नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

05



लोकगीत के साथ निकली गणगौर ...

## सिटी इवेंट

### चेट्रीचंड्र महोत्सव में आज धूम मचाने आएंगे कामेडियन कृष्णा अभिषेक



**रायपुर।** पूज्य छग सिंधी सेवा महापंचायत युवा विंग द्वारा चेट्रीचंड्र महोत्सव की शोभायात्रा का भव्य स्वागत करने की तैयारी है। एमजी रोड पर मंजू ममता होटल के ठीक सामने मंच बनाया जा रहा है, जहां कपिल शर्मा शो के कामेडियन कृष्णा अभिषेक, सिंगर देवाशीष गुरु एवं भूमिका मीरचंदानी महोत्सव में अपने अंदाज में लोगों का मनोरंजन करेंगे। समिति के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी एवं पवन प्रीतवानी ने बताया कि युवा विंग की समूची टीम एवं संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी, आनंद कुकरेजा, चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, राजेश वासवानी, राधाकिशन सुंदरानी, राम गिडलानी, मुरलीधर माखीजा, अजीत कुकरेजा, लख्मीचंद-लालचंद गुलवानी, लद्धाराम नैनवानी, मोहन तेजवानी, शमनलाल खूबचंदानी, इंदर डोडवानी, किशोर आहूजा, गोविंद वाधवानी (दल्लीराजहरा), तेजकुमार बजाज, युवा विंग प्रभारी जितेंद्र बडवानी, अध्यक्ष महेश आहूजा, महामंत्री द्वय दिनेश सुंदरानी-पंकज चिजवानी, कोषाध्यक्ष सागर भावनानी, प्रणीत सुंदरानी, संतोष लोहाना, जितेन्द्र शादीजा, दीपक रामनानी, महिला अध्यक्ष भावना कुकरेजा, कार्यकारी अध्यक्ष राशि बलवानी, हर्षा मोटवानी आदि समाजजन तैयारियों में जुटे हुए हैं।

#### विदेशी तकनीक से होगी आतिशबाजी

कोषाध्यक्ष रवि ग्वालानी-सुदेश मंध्यान समेत टीम द्वारा शोभायात्रा के स्वागत में एक नया प्रयोग किया जा रहा है। विदेशों से मंगवाई गई प्रथमतः नई टेक्नॉलॉजी से आतिशबाजी देखना भी एक नया अनुभव होगा। युवा टीम का जोश देखते ही बन रहा है।

*युवा टीम उत्साहित :* समिति के मुख्य सदस्य वरिष्ठ टीम अशोक मलानी, चंदर विधानी, वासु जोतवानी, विनोद तलरेजा, महेंद्र आहूजा, लक्ष्मण जगवानी, संजय रहेजा, अनूप मसंद, राजेश पोपटानी, राजेश थौरानी, अमर खट्टर, राजेश गुरनानी, दौलत परयानी, रमेश मंधान, अमित धावना, दीपक धर्मानी, विकास सुखवानी आदि का चेट्रीचंड्र महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में विशेष सहयोग रहा है, जिससे युवा टीम में उत्साह का माहौल है।

## कैंपस इवेंट

### यंग साइंटिस्टों ने प्रजेंट किए साइंटिफिक इनोवेशन



**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में 21वें छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन का संयुक्त आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं ट्रिपल आईटी नया रायपुर द्वारा किया गया। कुलपति एवं निदेशक ट्रिपल आईटी नया रायपुर प्रो. ओम प्रकाश व्यास ने कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन संस्थान की शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के बदलते स्वरूप और इंटर डिसिप्लिनरी सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वर्तमान में युवा वैज्ञानिक कांग्रेस में 20 विषय श्रेणियां निर्धारित हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतरविषयी अनुप्रयोग को 21वीं श्रेणी के रूप में जोड़ा जाए, ताकि उभरती डिजिटल तकनीकों में युवा प्रतिभाओं को विशेष मंच मिल सके। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, महानिदेशक, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद पी. कवीश्वर, पूर्व कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रो. एसके पांडेय, कुलपति एवं निदेशक ट्रिपल आईटी नया रायपुर प्रो. ओम प्रकाश व्यास उपस्थित रहे।

#### 194 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए गए

आयोजन सचिव और ट्रिपल आईटी के प्रभारी कुलसचिव डॉ. पीपी पल्तानी ने कार्यक्रम का अवलोकन प्रस्तुत करते हुए बताया कि दो दिवसीय इस कांग्रेस में प्रदेश भर के शोधार्थी विभिन्न तकनीकी सत्रों में अपने नवाचार साझा किए। सम्मेलन में प्रतिभागी यंग साइंटिस्ट के द्वारा 194 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए गए। इनको जांचने के लिए देश भर से 45 परीक्षक पहुंचे।

## सोशल इवेंट

### महिला ब्राह्मण प्रकोष्ठ ने गेम्स में मारी बाजी, कविता सुन हुए लोग भाव-विभोर



**रायपुर।** महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता का संदेश महिला ब्राह्मण प्रकोष्ठ द्वारा होली और महिला दिवस सेलिब्रेट करने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों में सभी ने जमकर ठुमके लगाए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण मधुकर खेड़ स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार भावना पांडे को उनकी इस उपलब्धि पर प्रकोष्ठ की महिलाओं ने पुष्पगुच्छ और सम्मान-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संगीता द्विवेदी, स्वाति दुबे और गीता पांडे ने नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं डॉ. प्राशि तिवारी ने होली पर अपनी सुंदर कविता से सभी का मन मोह लिया। उपस्थित महिलाओं ने मिलकर खेलों का आनंद लिया और अंत में रिटर्न गिफ्ट देकर सभी को विदा किया गया। इस दौरान समिति की प्रतिभा पांडे, अंजू त्रिपाठी, सरोजनी राव, अनिता रानी पर्वत, कामिनी तिवारी, गीता पांडे, सविता पांडे, सविता त्रिपाठी, बिंदु मिश्रा, संगीता द्विवेदी, नम्रता शर्मा, रीता पांडे, डॉ. मानसी गुलाटी, विनिता पांडे, रीतु शुक्ला, सुषमा दुबे, सरोज चौबे और ममता अवस्थी सहित सभी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## राजधानी में चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के अवसर पर उमड़ी भीड़, विधि-विधान से की गई घट स्थापना

# आदिशक्ति की आस्था में प्रज्ज्वलित हुए हजारों ज्योति कलश मां शैलपुत्री के स्वागत से शुरू हुई नवरात्रि, मंत्रोच्चार की गूंज

*आदिशक्ति की आस्था में भक्तों ने हजारों ज्योति प्रज्ज्वलित करने के लिए चकमक पत्थर की चिंगारी से उत्पन्न अग्नि को पीपल के पत्ते और घी से गुंथी बत्ती से पहले माता के दरबार में मुख्य ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। उसी लौ को देखते ही देखते भक्तों ने दंतेश्वरी मंदिर के ज्योति कलश कक्ष तक पहुंचाया और भक्तों के मनोकामना ज्योति कलश जगमगाने लगे। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री का स्वागत घंटा ध्वनि और शंखनाद के बीच मंत्रोच्चार से किया गया। अब नौ दिनों तक जहां उत्सव का माहौल रहेगा, वहीं देवी के धाम में हजारों की तादाद में ज्योति कलश जगमगाएंगे।*



### महामाया की आस्था में लगा भक्तों का तांता



गुरुवार को पुरानी बस्ती स्थित राजेश्वरी मां महामाया मंदिर में सुबह से भी मनोकामना ज्योति जलवाने वाले भक्तों का तांता लगना शुरू हुआ। यहां सबसे ज्यादा 10 हजार 629 ज्योति कलश पारंपरिक तरीके से प्रज्ज्वलित किए गए हैं। पं. मनोज शुक्ला सहित सभी पुजारियों ने जहां मंत्रोच्चार करते हुए घंटा ध्वनि और शंखनाद से आदिशक्ति का आव्हान करते हुए चकमक पत्थर की चिंगारी से अग्नि प्रज्ज्वलित करते हुए उससे मुख्य ज्योति और उसी से सभी ज्योति कलश रोशन किए। इसमें हजारों की तादाद में भक्त परिवार शामिल हुए।

### काली मंदिर में भक्तों की उपस्थिति में निभाई परंपरा





आकाशवाणी चौक स्थित कालीमाता मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में 11.36 से दोपहर 12.24 बजे के बीच घट स्थापना का विधान मंत्रोच्चार के साथ किया गया। मंदिर ट्रस्ट के डीके दुबे ने बताया कि 64 योगिनी की पूजा के बाद आम की हरी लकड़ी व बाती के माध्यम से मुख्य ज्योति जलाई गई। इसी से 3341 ज्योत जगमगाए और पारंपरिक तरीके से माता की नौ दिनों तक की जाने वाली विशेष अराधना का विधान शुरू किया गया। इसके चलते मंदिर प्रांगण में सुबह से शाम तक उत्सव का माहौल रहा।

### शक्तिपीठ में स्वास्तिक आकृति में ज्योति कलश

समता कालोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि के पहले दिन स्वास्तिक की आकृति में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। नौ दिनों तक माता की साधना और आराधना का सिलसिला चलेगा। ट्रस्ट से प्राप्त जानकारी के तहत शक्तिपीठ में ज्योति कलश जलवाने के लिए भक्तों और गायत्री परिजनों को प्रेरित किया जाता है। कलश स्थापना में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, सदाशिव हथमल, दीनानाथ शर्मा, आदर्श वर्मा, शैलेश वर्मा, परिव्राजक नरेंद्र आडिल, कोमल साहू और तोरण साहू ने विधि-विधान से ज्योति प्रज्ज्वलित की।



### कौशल्या माता मंदिर में भीड़, निकलेगी शोभायात्रा

चंदखुरी स्थित कौशल्या माता मंदिर में सुबह से ही भक्तिमय माहौल रहा। उपासकों और साधकों ने मनोकामना सिद्धि के लिए 973 ज्योति कलश स्थापित किए। ज्योति कलश कक्ष के संदर्भ में दुलार सिंह ने बताया कि मंदिर में माता की आकर्षक झांकी भी सजाई गई।नवरात्रि पर नगर भ्रमण के लिए माता की शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं ज्योति कलश कक्ष में सेवा देने के लिए बैगा और पंडा की जिम्मेदारी तय की गई है। मंदिर प्रांगण में इस साल भी जसगीत गायन के लिए टोलियों को आमंत्रित किया गया है।



**रायपुर।** कुशालपुर चौक स्थित प्राचीन दंतेश्वरी मंदिर में घट स्थापना का हिस्सा बनने के लिए सुबह 10 बजे से जहां भक्तों की आवाजाही का सिलसिला तेज हुआ, वहीं मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और भक्तों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के साथ जहां घट स्थापना का विधान किया गया। विनय यादव और अशोक यादव के मार्गदर्शन में चकमक पत्थर की चिंगारी से माता के दरबार में ज्योति जलाने की परंपरा निभाई गई। इसके बाद उपासक महिलाओं ने अग्नि कुंज को पीपल की डंडी में घी से सराबोर बत्ती के माध्यम से ज्योति को कलश तक पहुंचाते हुए 1455 कलश प्रज्ज्वलित किए, जिससे कक्ष जगमगाने लगा। मनोकामना कलश की पूजा-अर्चना करने के बाद उपासकों ने आरती में सहभागिता निभाते हुए जयघोष किया।

### हनुमान मंदिर में शुरू किया अखंड रामायण पाठ



श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में घट स्थापना के साथ नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया है। सुबह अभिजीत मुहूर्त में कन्याओं के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किए गए। साथ ही श्री रामचरित मानस पाठ शुरू किया गया। महंत राजेश शर्मा ने श्रद्धालुओं से पाठ करने में सहयोग की भावना से सार्थक प्रयास करने कहा। श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर के विशेष सेवक और पुजारी राजेश तिवारी, प्रशांत पांडे, भानु पांडे, आनंद शर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, नारायण राव, मदनलाल चौबे शामिल हुए।

### भनपुरी महामाया मंदिर में यजमानों ने की पूजा



भनपुरी स्थित प्राचीन महामाया मंदिर में भक्तिमय वातावरण में माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस नवरात्रि का शुभारंभ मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना से की गई। श्रद्धालुओं ने 477 ज्योति जलवाई है। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-विधि के साथ स्थापित किए गए ज्योति कलश की श्रद्धालुओं ने पूजा की। मंदिर समिति के सदस्य अखिल शर्मा ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान और भजन-कीर्तन का सिलसिला चलेगा।

### शीतला माता शक्तिपीठ में परिवार के साथ पहुंचे लोग

पुरानी बस्ती मार्ग पर स्थित शीतला माता शक्तिपीठ में पहले से की गई तैयारी के अनुरूप सुबह अभिजीत मुहूर्त में पीपल की हरी डंडी में घी और रुई लपेटकर माता के दरबार में प्रज्ज्वलित की गई लौ से 700 मनोकामना ज्योति भी जगमगाए। मंदिर के पुजारी नीरज सैनी ने बताया कि इस बार भी भक्तों ने घी और तेल के ज्योति जलवाई है। घट स्थापना में उपासक परिवार भी शामिल हुए, इससे भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ।

## आस्था के पर्व पर मंदिरों में भी उमड़ने लगी भीड़

# चैत्र नवरात्रि पर सज गया बाजार, पूजन सामग्री खरीदने उमड़ी भीड़, व्रतधारियों के लिए महंगे हुए फल और फूल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि की भक्तिमय शुरुआत हो गई है। ऐसे में गुरुवार को शहर के बाजारों में फल, सूखे मेवे, फूल और अन्य पूजन सामग्री की खूब खरीदारी करते लोग दिखे। शहर के शास्त्री बाजार, गोलबाजार, फूल चौक सहित सड़क किनारे सजे फल स्टॉल, दुकानों पर पूजन सामग्री की खरीदारों की भीड़ रही। नवरात्रि पर फलाहार, पूजन सामग्री समेत मेवे की डिमांड बढ़ने पर कीमतों में भी तेजी आई है। चैत्र नवरात्रि का पर्व नौ दिनों तक चलेगा। नवरात्रि पर फल, फूल और अन्य पूजन सामग्री की अधिक मांग रहती है। वहीं फलाहारी सामान की मांग भी काफी बढ़ जाती है। नवरात्रि पर अधिकांश महिलाएं और बहुत से पुरुष भी नौ दिनों तक व्रत रखते हैं।





ऐसे में व्यापारियों का कहना है कि बाजार में फलों और मेवा की कीमतों में सामान्य दिनों की अपेक्षा दस फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। फूलों की कीमतों में भी दस फीसदी तक वृद्धि होना बताया गया है। बाजार में नारियल भी 30 रुपए तक मिल रहे हैं। जबकि माता को अर्पित की जाने वाली चुनरी अलग-अलग डिजाइन के अनुसार पचास से 251 और 501 रुपए तक में बाजार में उपलब्ध है।

#### फलों के चिल्हर में दाम

संतरा 50-80
सेब 200-300
पपीता 50-60
खरबूज 40-80
अनार 180-220
अंगूर 120-180

#### किराना सामग्री के दाम

मूंगफली 120-135
साबूदाना 55-70
काजू 850-900
राजगीर 90 से 100
बादाम 800 से 900
किशमिश 400-500
मावा 250 से 400

## एग्जाम अपडेट

# दिव्यांगजनों को मिली मदद ट्राइसिकिल पाकर खिले चेहरे



रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स की अध्यक्ष के दूरदर्शी विजन, सचिव प्रभजीत कौर भाटिया के सशक्त समन्वय एवं प्रोजेक्ट चेयरपर्सन रोटेरियन नीलम शारदा के कुशल नेतृत्व में प्रोजेक्ट मुस्कान गिफ्ट ऑफ एबलिटी का आयोजन वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में किया गया। इस सेवा-प्रधान एवं प्रभावशाली पहल के माध्यम से विशेष रूप से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक कदम उठाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों का सबसे पहले निशुल्क ऑडियोमेट्रिक (श्रवण) परीक्षण किया गया, जिससे उनकी आवश्यकताओं का सटीक आकलन सुनिश्चित हो सका। इसके पश्चात जरूरतमंदों को 20 हियरिंग एड्स वितरित किए गए तथा 15 ट्राइसिकिल प्रदान की गईं, जिससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता, गतिशीलता और सम्मान की नई राह खुल सकी। सहायक उपकरण प्राप्त करते समय लाभार्थियों के चेहरों पर झलकती सच्ची मुस्कान, उत्साह और भावनात्मक संतोष ने पूरे वातावरण को भावुक व ऊर्जा से भर दिया।

### सशक्तिकरण का संकल्प

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल उपस्थित रहे। साथ ही सिटी को-ऑर्डिनेटर भरत डागा, डीएसजी सोमनाथ अग्रवाल एवं आईटीएसए से सुनील बलानी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने स्वयं भी वितरण में सहभागिता कर इस सेवा कार्य को और अधिक सार्थकता प्रदान की। यह भव्य आयोजन रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स के उस मूल दृष्टिकोण को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है, जिसमें समाज के हर वर्ग तक सेवा, संवेदना और सशक्तिकरण पहुंचाने का संकल्प निहित है।

## एनआईटी में कला, नाटक एवं फिल्म महोत्सव का भव्य आयोजन

# नाट्य-लघु फिल्म से सजा रंगमंच, हास्य और काव्य ने गुदगुदाया सूफी नगमों और रॉक बैंड का चला जादू, देर रात झूमते रहे दर्शक

एनआईटी में कला, नाटक एवं फिल्म महोत्सव रंगमंच का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अभिनय द ड्रामेटिक्स क्लब एवं थिंक इंडिया समिति द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के सहयोग से किया गया। रंगमंच पर विविध एवं आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें अभिनय क्लब के प्रभावशाली नाट्य मंचन, लघु फिल्म एवं विशेष स्क्रीनिंग शामिल रहे।








रायपुर। प्रसिद्ध कवि अजहर इकबाल एवं मदन मोहन दानिश की काव्य प्रस्तुतियों एवं संदीप शर्मा की हास्य प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके साथ ही इंडियन रोलर बैंड द्वारा सूफी बॉलीवुड संगीत संध्या एवं मेघा बोस ताम्रकार तथा उनकी बैंड की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम के विद्यार्थियों द्वारा समूह गायन की एक भावपूर्ण प्रस्तुति भी दी गई, जिसने कार्यक्रम में संवेदनशीलता एवं समावेशिता का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया। यह आयोजन सृजनात्मकता, संस्कृति एवं सार्थक संवाद का एक सशक्त मंच बना।

### कलाकारों की प्रतिभा ने दर्शकों का मन मोहा

डॉ. अनुज कुमार शुक्ला ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए थिंक इंडिया को विद्यार्थियों में राष्ट्रवादी भावना एवं समग्र विकास को प्रोत्साहित करने वाले एक सशक्त मंच के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि थिंक इंडिया एक ऐसा मंच है, जो एनआईटी, आईआईटी, आईआईएम , एनएलयू एवं एम्स जैसे प्रमुख केंद्रीय संस्थानों के साथ मिलकर कार्य करता है। डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण के विषय की सराहना करते हुए पद्मश्री फूलबसन बाई यादव द्वारा समाज में महिलाओं के उत्थान हेतु किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

### ऑडियंस में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मानित फूलबासन बाई यादव शामिल हुईं। इस अवसर पर सेंटर फॉर स्टडीज ऑन होलिस्टिक डेवलपमेंट के सचिव सतीश गोकुल पांडा, एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव एवं कुलसचिव डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीसी के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी एवं एनआईटी रायपुर के सहायक प्राध्यापक एवं थिंक इंडिया के राज्य प्रभारी डॉ. अनुज कुमार शुक्ला भी उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम समन्वयक डॉ. निशा नेताम, डॉ. मीना मुर्मू, डॉ. सचिन साहू, प्राध्यापकगण एवं आयुष मिश्रा और बड़ी संख्या में उत्साहित विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### पद्मश्री फूलबासन ने साझा की संघर्ष की कहनी

मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन बाई यादव ने अपने जीवन के संघर्ष एवं सशक्तिकरण की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में स्वसहायता समूहों के माध्यम से लाखों महिलाओं को प्रशिक्षण एवं सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाने के अपने प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं, विशेषकर माताएं, दृढ़ निश्चय कर लेती हैं तो समाज में व्यापक परिवर्तन संभव है। उन्होंने अपने सामाजिक समर्पण का उदाहरण देते हुए कौन बनेगा करोड़पति से प्राप्त पूरी धनराशि को समाजसेवा में समर्पित करने की बात साझा की, जिसने सभी को प्रेरित किया।

## धर्म लाइव

# अंतर्राष्ट्रीय रूमेटोलॉजी सम्मेलन संपन्न, 450 डॉक्टरों ने लिया हिस्सा



रायपुर। वर्ल्ड रूमेटोलॉजी फोरम समिट 2026 रूमेटोलॉजी मास्टर क्लासेस का आयोजन मे-फेयर होटल में किया गया, जिसमें देशभर के साथ-साथ पड़ोसी देशों से लगभग 450 डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की भागीदारी रही, जिनमें यूके से डॉ. विलियम टिलेट और डॉ. हेक्टर चिनॉय प्रमुख रहे। वहीं भारत के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ जैसे डॉ. अनीता महादेवन, डॉ. राजीव सेखरी और डॉ. दीपक तलवार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सत्रों के दौरान 25 से अधिक जटिल क्लीनिकल मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस आयोजन में प्रशिक्षुओं और कंसल्टेंट्स द्वारा करीब 165 पोस्टर प्रस्तुत किए गए, जबकि 200 से अधिक रिसर्च एब्स्ट्रैक्ट जमा किए गए। स्थानीय संस्थानों जैसे एम्स रायपुर, मेडिकल कॉलेज रायपुर, बालाजी अस्पताल, रिम्स और एमएमआई के छात्रों और डॉक्टरों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने शोध प्रस्तुत किए।

### नई तकनीक और एडवांस इमेजिंग पर भी चर्चा

सम्मेलन का मुख्य विषय दो जटिल बीमारियों मायोसाइटिस और सोरियाटिक आर्थराइटिस पर केंद्रित रहा। ये दोनों ही ऑटोइम्यून रोग हैं। मायोसाइटिस मुख्य रूप से मांसपेशियों की बीमारी है, लेकिन यह फेफड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। वहीं सोरायसिस मुख्य रूप से त्वचा की बीमारी है, जो जोड़ों को भी प्रभावित कर सकती है। विशेषज्ञों ने बताया कि ये बीमारियां बहुत दुर्लभ नहीं हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण इनका निदान अक्सर देर से होता है। बेहतर उपचार के लिए नई तकनीकों और एडवांस इमेजिंग पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन के साइंटिफिक चेयर चेन्नई के कावेरी हॉस्पिटल से डॉ. शाम एस. रहे, जबकि आयोजन सचिव रायपुर के डॉ. अरुण कुमार केडिया थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित वर्कशॉप्स को प्रतिभागियों ने सराहा।

# ईद का बाजार गुलजार, दुकानों पर उमड़ रही सेवई-मिठाइयों के खरीदारों की भीड़

रायपुर। ईद का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक दिखने लगी है। शहर के प्रमुख व्यावसायिक स्थलों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कपड़ों, जूतों, इत्र, सेवईयां और मिठाइयों की दुकानों पर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दुकानदार भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए नई-नई डिजाइन और ऑफर्स लेकर आए हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी अपने पसंदीदा सामान की खरीदारी में जुटे हुए हैं। वहीं मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में ईद की खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंच रहे हैं। लोगों का कहना है कि ईद का चांद दिखने के बाद दूसरे दिन धूमधाम से त्योहार मनाया जाएगा। शहर की दुकानों में गोलबाजार, मोतीबाग रोड और बैजनाथपारा सहित विभिन्न शहरों में बनी सेवई व फेनी का बाजार सज गया है। ईद को खुशनुमा बनाने के लिए रोजेदारों ने सेवईयां खरीदनी शुरू कर दी हैं। मोतीबाग रोड मस्जिद के पास दुकान में सेवई विक्रेता मोहम्मद मुश्ताक ने बताया कि उनके पास अलग-अलग शहरों की मीठी सेवईयां उपलब्ध हैं।



### सेवईयों की बाजार में कीमत



इसकी कीमत 120 से लेकर 240 रुपए प्रति किलो तक है। उन्होंने बताया कि बीते साल के मुकाबले इस साल सेवईयों के भाव में 20 से 30 फीसदी की गिरावट आई है, जो फेनी बीते साल 140 रुपए प्रतिकिलो के भाव में बेची थी, उसे इस साल 110 रुपए किलो बेच रहे हैं। वहीं सेवई थोक भाव पर 140 रुपए प्रति किलो से हिसाब से मिल रही थीं, अब यह 100 से 120 रुपए प्रति किलो में ही मिल जा रही है। ऐसे में आर्डर लगाकर काफी माल बाहर से भी मंगाया गया है, जिसे 110 रुपए किलो के भाव से बेच रहे हैं।

### दूध फेनी और मावा फेनी की विशेष मांग

ईद मुस्लिमों का सबसे बड़ा पर्व है। मान्यता है कि 30 दिन रोजा रखने के बाद लोगों को अल्लाह ने ईद तोहफे में दी है। वहीं ईद का सबसे जरूरी व्यंजन सेवई है। ईद पर हैदराबादी सेवई व फेनी, पंचमेवा किराना सेवई, कानपुरी, लखनवी, अहमदाबादी, रायपुरी सेवई व फेनी के साथ ही दूध फेनी और मावा फेनी की विशेष मांग बाजारों में है।



### ईद बाजार का खास आयोजन

शहर सीरतुन्नबी कमेटी की ओर से मुस्लिम हाल बैजनाथपारा में आयोजित ईद बाजार को पहले ही दिन शहरवासियों का शानदार प्रतिसाद मिला। ईद की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ बाजार पहुंचे और विभिन्न स्टॉलों से जमकर खरीदारी की। लगभग 10 दिनों के लिए लगाए गए इस ईद बाजार में कपड़े, जूते-चप्पल, सजावटी सामान, बच्चों के खिलौने, मेहंदी और ईद से जुड़ी कई आवश्यक वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई हैं। बाजार को छोटे मेले का रूप दिया गया है, जहां मेहंदी आर्ट, गेम जोन और अन्य आकर्षण भी रखे गए हैं, जिससे परिवारों के लिए यह खास आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

### पठानी टोपी और कपड़ों की भारी डिमांड

ईद पर खाने-पीने की चीजों के साथ ही सूती कपड़े और पठानी टोपी भी लोगों को खूब भा रहे हैं। हिंदी बाजार में कपड़े के व्यापारी अमर तुलस्यान ने बताया कि पठानी टोपी का क्रेज सबसे ज्यादा युवाओं में है। वहीं सूती कुर्ते के लिए वयस्क वर्ग विशेष दिलचस्पी दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि ईद पर हर साल अच्छा व्यापार करते हैं। अमर ने बताया कि कपड़ों की खरीदारी में महिलाएं भी पीछे नहीं हैं।

# उज्बेकिस्तान के विद्यार्थी कृषि शिक्षा व अनुसंधान के लिए आएंगे छत्तीसगढ़



रायपुर। उज्बेकिस्तान के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी आगामी शैक्षणिक वर्ष से कृषि के क्षेत्र में उच्च शिक्षा तथा अनुसंधान हेतु छत्तीसगढ़ आएंगे और छत्तीसगढ़ के विद्यार्थी अध्ययन एवं अनुसंधान हेतु उज्बेकिस्तान जाएंगे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर तथा उज्बेकिस्तान के पांच विश्वविद्यालयों के मध्य कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आपसी सहयोग हेतु समझौते किए गए हैं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विगत दिनों उज्बेकिस्तान प्रवास के दौरान ताशकंद स्टेट एग्रेरियन यूनिवर्सिटी, बुखारा स्टेट यूनिवर्सिटी, समरकंद स्टेट वेटेरिनरी, तेरमेज इंस्टीट्यूट तथा देनोव इंस्टीट्यूट के बीच शिक्षा, अनुसंधान, जैव प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता विकास आदि क्षेत्रों में सहयोग हेतु अनेक समझौते हस्ताक्षरित किए गए। इन समझौतों से छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रमों संयुक्त अनुसंधान पहलों, शैक्षणिक गतिशीलता और अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की वैश्विक भागीदारी बढ़ेगी।

**अनुसंधान के क्षेत्र में आपसी सहयोग के लिए भी समझौते किए गए**

### भागीदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा

कुलपति डॉ. चंदेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उज्बेकिस्तान के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं भी तलाशीं, जिनमें चावल अनुसंधान, औषधीय फसलों की खेती, जैव प्रौद्योगिकी और कृषि उद्यमिता प्रमुख हैं। प्रतिनिधिमंडल ने उज्बेकिस्तान में कृषि आधारित उद्योगों के विकास में भारतीय किसान उत्पादक संगठनों की भागीदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उज्बेकिस्तान के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु काफी रुचि दिखाई। डॉ. चंदेल ने आशा व्यक्त की कि जिस प्रकार बड़ी संख्या में भारतीय छात्र मेडिकल शिक्षा के लिए उज्बेकिस्तान जाते हैं, उसी प्रकार भविष्य में उज्बेकिस्तान के विद्यार्थी कृषि शिक्षा प्राप्त करने लिए छत्तीसगढ़ आएंगे।

## समाज इवेंट

# बेटियों को शिक्षा, संस्कार और अच्छी जीवन शैली का पढ़ाएं पाठ



रायपुर। नगर अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउद्देशीय संस्था द्वारा सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजसेवी विनीता मनीष पांडे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं अपने आर्थिक विकास के साथ अपनी बेटियों को शिक्षा, संस्कार और अच्छी जीवन शैली का पाठ अवश्य पढ़ाएं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ हंसा शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद महिलाएं स्वयं का घर बैठे आर्थिक विकास कर सकती है। सिलाई-कढ़ाई करके अपनी जीविका चलाने में सक्षम होगी तो उनका परिवार भी आर्थिक दृष्टि से सबल होगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो डी. एन. शर्मा ने कहा कि समाज में नारी सबल होगी, तो उनकी आर्थिक उन्नति होगी।

### विभिन्न गेम्स में रहे विजेता

इस अवसर पर संगीत टीचर नीलांजना और ड्राइंग टीचर राजेश द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई और विभिन्न रोचक गेम्स भी खेले गए। जिसमें भारतीय परिधान प्रतियोगिता में प्रतिभा सिंह, सृष्टि गुप्ता, सिम्पी देवी को पुरस्कृत किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान दौड़ में प्रथम पल्लवी, द्वितीय शोभा, तृतीय-सिम्मी रही। सुई धागा रेस में प्रथम सुजाता सिंह, द्वितीय शीतल साव, तृतीय रिंकी साहू, चम्मच रेस में प्रथम प्रतिभा सिंह, द्वितीय राजेश्वरी, तृतीय रिंकी साहू, कुर्सी दौड़ में प्रथम सितारा बेगम, द्वितीय काजल यादव, तृतीय भारती विजेता रही। सभी विजेताओं सहित संयोजिका सोनम गुप्ता और उद्घोषक गायत्री सिंह को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## महिलाओं ने की भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा

# लोकगीत के साथ निकली गणगौर शोभायात्रा पारंपरिक वेशभूषा में मनाया घुड़ला उत्सव

**कार्नर न्यूज**

*होली के बाद गणगौर पर्व के तहत मनाया जाने वाला घुड़ला उत्सव इन दिनों शहर में खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस अवसर पर लाखेनगर से गुरुवार को गणगौर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज की महिलाओं के विभिन्न लोकगीतों की मधुर धुनों से वातावरण पूरी तरह उत्सवमय हो जाता है। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और कन्याएं शामिल हुईं। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गोर-गोर गोमती सहित गणगौर के लोकगीत गाए। घुड़ला नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा।*







रायपुर। गणगौर राजस्थान का एक प्रमुख लोकपर्व है, जिसे विशेष रूप से महिलाएं बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाती हैं। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है तथा सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की मंगलकामना की जाती है। इस अवसर पर रायपुर में हर साल भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, सजी-धजी झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होती हैं।

### सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की मंगलकामना

सुबह से ही महिलाओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पूरे शहर में त्योहार की रौनक छाई रही। पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी महिलाओं ने ईसर-गणगौर के लोकगीत गाते हुए शोभायात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं द्वारा हल्दी की रस्म भी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ पूरी की गई। गणगौर माता को हल्दी अर्पित कर महिलाओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की मंगलकामना की। शोभायात्रा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस आयोजन में भक्ति, संस्कृति और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला।

जवानों और पदक का मुद्दा उठा

# विधायक टोप्पो ने पूछा- वीरता पदकों पर क्या मिलता है

छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रश्नकाल में वीरता पदक प्राप्त करने वाले जवानों को मिलने वाली सम्मान राशि और सुविधाओं को लेकर अहम चर्चा हुई। भाजपा विधायक रामकुमार टोप्पो ने इस मुद्दे को उठाया और सरकार से स्पष्ट जानकारी मांगी। उन्होंने पूछा कि राज्य पुलिस, सशस्त्र बलों और सेना के उन जवानों को,



जिन्हें वीरता पदक मिलता है, क्या राज्य सरकार की ओर से कोई विशेष सम्मान या आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि साल 2024 से 26 जनवरी 2026 तक कितने जवानों को वीरता पदक मिला और किन-किन मामलों में यह सम्मान दिया गया। उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने जवाब देते हुए बताया कि राष्ट्रपति द्वारा दिए जाने वाले वीरता पदकों पर केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से आर्थिक भत्ता दिया जाता है। राज्य स्तर पर भी छत्तीसगढ़ शौर्य पदक पाने वाले पुलिस कर्मियों को अलग से आर्थिक सहायता मिलती है। राष्ट्रपति वीरता पदक और पुलिस पदक पर 6 हजार रुपए प्रतिमाह आजीवन दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शौर्य पदक पर 1500 रुपए प्रतिमाह जीवनभर दिए जाते हैं।

### बड़े वीरता पदकों पर ज्यादा सम्मान राशि

गृहमंत्री ने बताया कि देश के सर्वोच्च वीरता पुरस्कारों पर ज्यादा राशि दी जाती है, इसमें परमवीर चक्र पाने वाले जवानों को 20,000 रुपए प्रतिमाह और महावीर चक्र पर 10,000 रुपए प्रतिमाह दिए जाते हैं। कुछ मामलों में नियोक्ता की ओर से एकमुश्त लगभग 20 लाख रुपए तक की सम्मान राशि भी दी जाती है।

### टोप्पो की आपत्ति- कुछ पदकों का जिक्र क्यों नहीं?

टोप्पो ने यह सवाल उठाया कि प्रेसिडेंट पुलिस मेडल ऑफ गैलेंट्री और पुलिस मेडल ऑफ गैलेंट्री का उल्लेख सूची में क्यों नहीं है। क्या राज्य सरकार इन्हें वीरता पदक के रूप में मान्यता नहीं देती? गृहमंत्री ने इस पर कहा, उत्तर प्रश्न के अनुसार दिया गया है, लेकिन इन पदकों पर भी निर्धारित लाभ दिए जाते हैं।

### नई सुविधाओं की मांग

टोप्पो ने वीरता पदक प्राप्त जवानों के लिए कई अतिरिक्त सुविधाओं की मांग की। उन्होंने जमीन या उसके बदले नकद, सरकारी नौकरी में प्राथमिकता, स्वास्थ्य सुविधाएं, बच्चों की शिक्षा में सहायता, बस/यात्रा सुविधा, वीरता पुरस्कार पाने वाले जवान देश का गौरव हैं, उन्हें सम्मानजनक सुविधाएं मिलनी चाहिए. इन वीर जवानों और उनके परिवारों के लिए व्यापक नीति जरूरी है।

### सरकार का आश्वासन

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, वर्तमान में रेलवे पास और आयकर में छूट जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन समय के साथ नई नीतियों की जरूरत है। टोप्पो स्वयं पूर्व सैनिक हैं, इसलिए उनके अनुभव के आधार पर बेहतर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। आपके सुझावों पर विचार कर नई योजना बनाई जाएगी।

# छत्तीसगढ़ नगर एवं ग्राम निवेश विधेयक पारित, अवैध प्लॉटिंग पर लगेगी रोक

## ओपी चौधरी ने कहा- शहरी क्षेत्रों में योजनाबद्ध और संतुलित विकास को बढ़ावा देना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और अनियंत्रित विकास की चुनौतियों को देखते हुए राज्य सरकार ने नगर नियोजन को लेकर अहम कदम उठाया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ नगर एवं ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2026 को विधानसभा ने पारित कर दिया। संशोधन का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में अवैध प्लॉटिंग पर लगाम लगाते हुए योजनाबद्ध और संतुलित विकास को बढ़ावा देना है।

सदन में चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, वर्तमान में नगर विकास योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से रायपुर विकास प्राधिकरण और नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण जैसी कुछ चुनिंदा संस्थाओं पर ही निर्भर रही है। राज्य गठन के बाद विभिन्न कारणों से अपेक्षित संख्या में नगर विकास योजनाएं नहीं बन पाईं, जिसका नतीजा यह हुआ कि कई शहरों में अव्यवस्थित विकास और अवैध प्लॉटिंग की समस्या बढ़ती चली गई।

### अन्य राज्यों की एजेंसियां होंगी शामिल

वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में नगर नियोजन के लिए कई एजेंसियों को शामिल किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। विशेष रूप से अहमदाबाद में रिंग रोड जैसी बड़ी परियोजनाएं योजनाबद्ध तरीके से विकसित की गईं, जिससे शहरी विस्तार को व्यवस्थित रूप मिला।



### रायपुर मास्टर प्लान में दिखी संशोधन की उपयोगिता

ओपी चौधरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भी रायपुर मास्टर प्लान के अंतर्गत एमआर-43 मार्ग का निर्माण नगर विकास योजना के माध्यम से किया जा रहा है। यह उदाहरण दर्शाता है कि यदि योजनाएं समय पर और सही ढंग से लागू हों, तो शहरी विकास को बेहतर दिशा दी जा सकती है।

### धारा-38 में संशोधन, एजेंसियों का दायरा बढ़ेगा

संशोधन विधेयक के तहत छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा-38 में परिवर्तन किया गया है। इसके अनुसार अब नगर विकास योजनाएं तैयार करने के लिए अधिकृत एजेंसियों के दायरे का विस्तार किया जाएगा। नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकरणों के साथसाथ अब राज्य शासन के अभिकरणों और सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों को भी इस कार्य के लिए अधिकृत किया जा सकेगा।

### आवास और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

संशोधन के बाद छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल और छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम जैसे संस्थान नगर विकास योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। इससे न केवल योजनाओं की संख्या बढ़ेगी, बल्कि औद्योगिक और आवासीय विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

### अवैध प्लॉटिंग पर लगेगा अंकुश

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, विधेयक का मूल उद्देश्य राज्य में सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा देना, अवैध प्लॉटिंग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और उद्योग व आवास के लिए व्यवस्थित भूखंडों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह संशोधन छत्तीसगढ़ के शहरी परिदृश्य को अधिक सुव्यवस्थित और विकासोन्मुख बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

140 करोड़ रुपए के नियम विरुद्ध भुगतान का मामला

# पीएम ग्राम सड़क योजना में नियम विरुद्ध भुगतान का मामला, विभागीय सचिव से जांच कराने की घोषणा

विधानसभा में पीएम ग्राम सड़क योजना में 140 करोड़ रुपए के नियम विरुद्ध भुगतान का मामला उठा। वर्ष 2023 में बिना बजट प्रावधान के 228 करोड़ के दो काम कराए जाने और नई सरकार में ठेकेदार को 139 करोड़ से ज्यादा का भुगतान किए जाने की विपक्ष ने सीबीआई या विधानसभा की समिति से जांच की मांग की, लेकिन मंत्री विजय शर्मा ने विभागीय जांच कराने की घोषणा की। विधायक जनक ध्रुव ने प्रश्नकाल में उठाया जीएसटी परफॉर्मेंस सिक्योरिटी सुरक्षा निधि की भुगतान का मामला उठाते हुए सवाल किया कि किन किन ठेकेदारों को कितनी-कितनी राशि कब-कब दी गई? किन-किन मदों से भुगतान किया गया? किसकी अनुमति से किया गया? उन्होंने बताया कि मानसून सत्र में भी इसकी जानकारी चाही थी, लेकिन केवल गुमराह किया गया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विगत सरकार में 228 करोड़ रुपए, जो जीएसटी का पैसा था। सिक्योरिटी डिपॉजिट कई विषयों को लेकर अनुरक्षण मद में जो राशि मिलती है वह दो बातों के लिए मिलती है, जिसमें मेंटेनेंस और नवीनीकरण दोनों किए जाते है, जो प्रश्न किया गए है वह इसी मद में मिला है।





### जांच प्रतिवेदन आने के बाद कार्रवाई

विधायक द्वारकाधीश ने इस पर कहा, वित्त विभाग ने जब राशि रिलीज की है, तब उल्लेख है कि दोषी अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई है? मामला गंभीर है। 200 करोड़ का मामला है, इसमें सीबीआई जांच की घोषणा कीजिए। उपमुख्यमंत्री में कहा कि नई सरकार बनने के बाद इसमें विभागीय जांच तो होगी और सजा भी होगी। विशेष अधिकारी से जांच करवाएंगे। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा, क्या जांच का समय निर्धारण करेंगे? इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कि इसकी विभागीय जांच करवाकर प्रतिवेदन आने दीजिए, उसके बाद इस पर कार्रवाई करेंगे।

**बजट प्रावधान नहीं था, फिर भी काम शुरू किया**

विजय शर्मा ने कहा, बजट में प्रावधान नहीं था, फिर भी 2023 में टेंडर लगाकर काम शुरू किया गया, जिसमें एसडी, पीजी, एजीएस, रॉयल्टी, जो 228 करोड़ था, का भुगतान कर दिया। यह बजट नहीं बल्कि ठेकेदारों का पैसा था, जिसे भुगतान कर दिया गया। फिर नई सरकार बनने के बाद हमने वित्त विभाग से आग्रह किया कि हमें ठेकेदारों के पैसे देने की अनुमति दें, अनुमति मिली भी और कुछ काम हुए भी।

### गलत जानकारी दे रहे

विधायक ने इस पर कहा कि जब-जब मेरा प्रश्न लगता है, तब यही जवाब आता है। संबंधित अधिकारी गलत जानकारी देते हैं। पूर्व वर्ष की राशि को बजट में देने के लिए कोई प्रावधान रखा गया है? उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अनुरक्षण अनुदान मद है, जिसमें तीनों ही राशि दी जाती हैं, लेकिन अभी दोनों मद अलग कर दिए गए है। दोनों मद अलग-अलग हैं, अलग प्रावधान है, इसलिए हम इसकी अनुमति लेकर भुगतान करेंगे।

# एसआईआर पर विधानसभा में हंगामा 19 लाख लोगों के लापता होने का आरोप

छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने 19 लाख से ज्यादा लोगों के नाम कटने और "लापता" होने का गंभीर आरोप लगाते हुए स्थगन प्रस्ताव रखा। मुद्दे पर सत्ता और विपक्ष आमने-सामने आ गए और सदन में हंगामा देखने को मिला। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने प्रस्ताव रखते हुए कहा, एसआईआर के दौरान 19 लाख 13 हजार 450 लोगों के नाम काट दिए गए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जिनके नाम हटाए गए, उनका कोई रिकॉर्ड नहीं है, न ही उनकी स्थिति की कोई जानकारी है। उन्होंने इसे गंभीर मानवीय और प्रशासनिक मुद्दा बताते हुए तत्काल चर्चा की मांग की।





**सत्ता-पक्ष का पलटवार- कांग्रेस के पास मुद्दा नहीं** : महंत के आरोपों पर सत्तापक्ष के विधायकों ने कड़ा विरोध जताया। उनका कहना था कि कांग्रेस के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वह ऐसे विषयों को उठाकर राजनीतिक माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। सत्तापक्ष ने एसआईआर को प्रक्रिया का हिस्सा बताते हुए आरोपों को निराधार बताया।

**इशारे पर हुआ एसआईआर- कांग्रेस**

विपक्ष के विधायकों ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि एसआईआर भाजपा के इशारे पर कराया गया है। कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मामला बताते हुए कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाना चिंताजनक है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

**राज्य का विषय नहीं- केदार कश्यप**

संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने कहा, यह विषय राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, इसलिए इस पर विधानसभा में चर्चा संभव नहीं है। उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए स्थगन प्रस्ताव को अनुचित बताया। सदन में बढ़ते हंगामे के बीच आसंदी ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया, इसके बाद नाराज विपक्ष ने विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### मित्तल पीएमओ में उपसचिव बने

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2016 बैच के अधिकारी डॉ. रवि मित्तल अब प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली में उप सचिव के रूप में सेवाएं देंगे। उनकी नई नियुक्ति का आदेश जारी हो गया है। रवि मित्तल राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग में आयुक्त के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इससे पहले वे जशपुर जिले में कलेक्टर के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। बताया गया है कि उन्हें पीएमओ में जाने के लिए शीघ्र रिलीव किया जा सकता है।

### धर्मांतरण विधेयक का जोगी कांग्रेस ने किया विरोध

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार द्वारा लाए गए नए धर्मांतरण विधेयक के विरोध में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। अमित जोगी ने लोकभवन के सामने प्रस्तावित धर्मांतरण विधेयक की प्रति जलाई और अपना कड़ा विरोध जताया। उन्होंने राज्यपाल से इस विधेयक को मंजूरी न देने और इसे वापस विधानसभा को भेजने की मांग की है। जोगी ने इस विधेयक को काला कानून बताते हुए इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता, अंतरात्मा और मौलिक अधिकारों पर सीधा प्रहार कहा है।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए प्रदेश में होगा अलग से संचालनालय का गठन

## सीएम साय की अध्यक्षता में राज्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को विधानसभा स्थित समिति कक्ष में राज्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद की बैठक हुई। बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए प्रदेश में अलग से संचालनालय गठन, नवीन हॉस्टल भवन निर्माण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विकास संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, हमारी सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के विकास लिए प्रतिबद्ध है। हम उनकी चिंता कर नये विकास का कार्य कर रही है। राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की बड़ी संख्या निवास करती है, जिनमें लगभग 95 जातियां एवं उनके उपसमूह निवासरत है। हमारी सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग के शैक्षणिक एवं सामाजिक आर्थिक विकास की चुनौतियों के प्रति संवेदनशील है। हमारी सरकार समाज के महत्वपूर्ण किन्तु विकास में पीछे रह गये इन वर्गों के सामाजिक सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देते हुए समग्र विकास के लिए कृत संकल्पित है। संकल्प को पूर्ण करने हेतु हमारी सरकार ने



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग,मंत्रालय गठित किया है, जिससे इन वर्गों के विकास के लिए गति प्रदान की जा सके तथा इनके लिए नवाचार योजनाओं को लागू किया जा सके। इसके अतिरिक्त इन वर्गों के समस्याओं पर सम्यक रुप से विचार कर समस्या का समाधान किया जा सके, जिससे यह समाज भी विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सके। पिछड़ा वर्ग के विकास हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया है तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग भी गठित किया गया है। इसके लिए लौहशिल्प विकास बोर्ड, रजककार विकास बोर्ड तथा तेलघानी विकास बोर्ड भी गठित किया गया है।

### नए बजट में 150 करोड़ का प्रावधान

इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विभाग ने नवीन मुख्य बजट में इन वर्गों के शैक्षणिक विकास हेतु छात्रावास, आश्रम, प्रयास आवासीय विद्यालय संस्थान स्थापित किये गये है। इसके अतिरिक्त पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से छात्रवृत्ति विद्यार्थी के खाते में सीधे भुगतान किया जा रहा है। इस हेतु रुपये 150 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भुगतान की व्यवस्था को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु नवाचार करते हुए निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं भुगतान चालू वर्ष में ही किये जाने की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु आर्थिक सहायता की योजना मुख्य बजट में लाई गई है, जिसके माध्यम से इंजीनियरिंग, मेडिकल, यूपीएससी, सीजीपीएससी, एसएससी, रेल्वे, बैंकिंग आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों के छ.ग. राज्य के भौगोलिक एवं प्राकृतिक संरचनाओं के अध्ययन तथा सांस्कृतिक धरोहरों के संबंध में अभिरुचि के विकास हेतु शैक्षणिक भ्रमण के लिए प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने मुख्य बजट में नवीन योजना मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना लाई गई है, जिसके माध्यम से जिन विद्यार्थियों को छात्रावास में प्रवेश नहीं मिल पाता है, उनको अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वर्तमान में 55 विभागीय छात्रावास स्वीकृत है।

# प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति में 50 नए चेहरों को मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा की नई कार्यसमिति का ऐलान अब जाकर लंबे इंतजार के बाद किया गया है। जैसा कि पहले ही तय था जिनको नई जिम्मेदारी मिली है, उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा, ठीक वैसा ही किया गया है। 50 नए चेहरों को मौका मिला है। इसी के साथ 50 पुराने चेहरों को सदस्य नहीं बनाया गया है। पिछली कार्यसमिति में 82 सदस्य थे, इस बार 84 सदस्य बनाए गए हैं। डॉ. रमन सिंह संवैधानिक पद विधानसभा अध्यक्ष बन गए हैं, तो उनको इस बार सदस्य नहीं बनाया गया है। इसी तरह से पिछली बार के सांसदों के स्थान पर नए सांसदों को मौका दिया गया है। कुछ पुराने सांसद जो इस समय विधायक बन गए हैं, उनको फिर से सदस्य बनाया गया है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी का ऐलान बीते साल 17 अगस्त को किया गया था, लेकिन तब कार्यसमिति के सदस्यों का ऐलान नहीं किया गया था। इसको लेकर लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है। कार्यसमिति के कई सदस्यों को निगम, मंडल, बोर्ड के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के साथ मोर्चा, प्रकोष्ठ में भी स्थान मिलने के कारण नई कार्यसमिति में ऐसे सदस्यों को स्थान नहीं मिला है। कुछ सदस्य महापौर भी बन गए हैं। उनको भी सदस्य नहीं बनाया गया है। अब महापौर पदेन सदस्य हैं।



### इनको नहीं मिला स्थान

जिनको इस बार कार्यसमिति में स्थान नहीं मिला है, उनमें वर्तमान में महापौर मीनल चौबे, जगदीश रामू रोहरा, पूजा विधानी, नंदकुमार साय, रामप्रताप सिंह, संतोष पांडेय, चुन्नीलाल साहू, गुहाराम अजगले, मोहन मंडावी, रामसेवक पैकरा, संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंहदेव, अशोक बजाज, ननकी राम कंवर, रमशीला साहू, महेश गागड़ा, चंद्रशेखर साहू, गणेश राम भगत, श्याम बैस, दीपक पटेल, गिरधर गुप्ता, शरद अवस्थी, संतोष बाफना, रामलाल चौहान, सत्यानंद राठिया, कोमल जंघेल, लाभचंद बाफना, चंपादेवी पावले, विनोद खांडेकर, अवधेश चंदेल, हर्षिता पांडेय, श्रीनिवास मद्दी, लोकेश कावड़िया, शंकरलाल अग्रवाल, रश्मि शर्मा, चंद्रकांति वर्मा, संदीप, शर्मा, नीलू शर्मा, चंद्रिका चंद्राकर, भरत मटियारा, ओजस्वी मंडावी, राकेश पांडेय, प्रहलाद रजक, विकास महत्तो, पूनम चंद्राकर, राजीव अग्रवाल, भैयालाल राजवाड़े, सुभाष राव, रामदयाल उइके शामिल हैं। इनमें से कई चेहरों को स्थाई आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

**ये हैं नए चेहरे** : जिन नए चेहरों को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है उसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, लखन लाल देवांगन, राजेश अग्रवाल, गुरु खुशवंत सिंह, लक्ष्मी राजवाड़े, गजेंद्र यादव, तोखन साहू, लता उसेंडी, रमेश बैस, नारायण सिंह चंदेल, शिवरतन शर्मा, मोतीलाल साहू, उद्धेश्वरी पैकरा, रायमुनी भगत, शकुंतला पैकरा, भावना बोहरा, बृजेश बिजपुरिया, ठाकुर शशि पवार, राजेश साहू, ओमप्रकाश जोशी, पवन साहू, रमेश पटेल, मदन साहू, श्रीनिवास मुदलियार, शैलेश पाठक, गुलाब चंदेल, सुभाष जालान, कन्हैया सिंह राठौर, घम्मन साहू, उमेश अग्रवाल, कृष्णबिहारी जायसवाल, प्रभा दुबे, उषा टावरी, राजीव पांडेय, एसडी बड़गैया, सीमा साहू, आरपीएस त्यागी, राधेश्याम बारले, मीना शर्मा, अदिति बाघमार, रमशीला नाग, चंद्रिका चंद्राकर, माया बेलचंदन, दिव्या रतन भसीन, स्वप्निल मिश्रा और निहारिका मिश्रा शामिल हैं।

# खनिज राजस्व की आय से होगा निवेश

## सरकार ने बनाया राज्य ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की वित्तीय स्थिति को भविष्य में और अधिक मजबूत और स्थिर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने 'छत्तीसगढ़ राज्य ग्रोथ एण्ड स्टेबिलिटी फंड नियम, 2026' को बनाया है। यह फंड मुख्य रूप से राज्य के खनिज राजस्व और निवेश से प्राप्त आय के जरिए भविष्य की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने और विकास कार्यों के लिए बनाया जा रहा है।

### क्या है ग्रोथ एण्ड स्टेबिलिटी फंड?

यह एक विशेष निधि (फंड) है जिसे 'छत्तीसगढ़ राज्य ग्रोथ एण्ड स्टेबिलिटी फंड अधिनियम, 2025' के तहत स्थापित किया गया है । इसका मुख्य उद्देश्य राज्य की अर्थव्यवस्था में निरंतरता बनाए रखना और विकास की रफ्तार को गति देना है। इस फंड का गठन संचित शोधन निधि और प्रत्याभूति मोचन निधि की तर्ज पर किया जाएगा।

### फंड में कहां से आएगा पैसा?

इस निधि के लिए राजस्व के प्रमुख स्रोत ये होंगे। राज्य सरकार हर साल खनिज संपदा से प्राप्त होने वाले राजस्व का एक हिस्सा इस फंड में जमा करेगी । फंड के माध्यम से खरीदी गई प्रतिभूतियों के परिपक्व होने पर मिलने वाली राशि का पुनर्निवेश किया जाएगा। समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित किए जाने वाले अन्य अंशदान भी इसमें शामिल होंगे।

### फंड के संचालन की त्रिस्तरीय व्यवस्था

फंड के पारदर्शी और कुशल प्रबंधन के लिए तीन मुख्य अंग काम करेंगे। निधि प्रबंधन इकाई का गठन होगा। वित्त विभाग के तहत गठित इस इकाई की अध्यक्षता वित्त सचिव करेंगे । यह इकाई निवेश की रणनीतियां बनाएगी और फंड के प्रदर्शन की हर तीन महीने में समीक्षा करेगी। सरकार एक वित्तीय संस्थान या सेबी पंजीकृत सलाहकार को फंड मैनेजर नियुक्त करेगी । इनका काम पेशेवर तरीके से बाजार के जोखिमों को देखते हुए फंड का निवेश करना और अधिकतम लाभ सुनिश्चित करना होगा । दैनिक कार्यों की निगरानी के लिए कम से कम उप-सचिव स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा।

**कहां होगा इस पैसे का उपयोग?** : इस फंड का उपयोग मुख्य रूप से पूंजीगत व्यय के लिए किया जाएगा। इसका अर्थ है कि सरकार इस राशि का इस्तेमाल राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास, नई योजनाओं और संपत्तियों के निर्माण के लिए करेगी, जिससे भविष्य में राज्य की आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS
Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
SHREEJI INN HOTEL
Restaurant-Banquet Hall
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम-विन्डो हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

GST रजिस्ट्रेशन नंबर बनवाएं मात्र 500/- में
2 साल पुरानी ITR फाईल बनवाएं मात्र 2000/- में
CMA DATA | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | FOOD लाइसेंस | UDYAM-MSME | TDS रिफंड | Whatsapp पर बनवाएं
C-74 Sector 1, Devendra Nagar, Near Jubesta Hospital
Beside Adarsh School, Pandri, Raipur
संपर्क : शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593



# चेट्रीचंड्र जू
## की लख्-लख् वाधायूँ...

आयोलाल झुलेलाल









मानव सेवा एवं जरूरतमंदो की सेवा ही एकमात्र लक्ष्य सिंधु शक्ति संस्था ।सिंधु शक्ति संस्था वर्षभर मानव सेवा के लिए काम करती है ।वहीं, समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के चेट्रीचंड महोत्सव पर भी संस्था द्वारा कई आयोजन किए जाते हैं। चेट्रीचंड्र महोत्सव पर सुबह से मानवाछित रक्तदान शिविर का हर साल आयोजन किया जाता है। सुबह से भंडारा और शाम को भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा का स्वागत किया जाता है। सांस्कृतिक मंच से विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया जाता है। यह सभी कार्यक्रम मानव सेवा की भावना से तीन दिनों तक लगातार किया जाता है। इसी के अंतर्गत चेट्रीचंड्र महोत्सव से दो दिन पूर्व बुधवार को संस्था ने वृद्धाश्रम और बाल आश्रम सहित प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल-अंबेडकर अस्पताल के मरीजों को फल वितरित करते हुए झूलेलाल महोत्सव की खुशियां साझा कीं।

आज प्रेरणा आश्रम में संस्था ने इस कार्यक्रम को पारंपरिक तरीके से आगे बढ़ाते हुए संस्था के संस्थापक किशोर आहूजा, मनोज डेंगवानी, अध्यक्ष राजूभाई तारवानी, रवि तेजवानी, भरत पमनानी, अनिल राघवानी, प्रदीप सिहानी, गौरव मंधानी, राकेश डेंगवानी द्वारा सेवा दी गई। उन्होंने बताया कि गुरुवार को इसी कड़ी में संस्था के सदस्य हीरापुर स्थित प्रेरणा मूक- बधिर आश्रम में पहुंचें। वहां रहने वाली दिव्यांग बच्चियों को आवश्यक सामग्री वितरित किया गया। इसमें फल-फ्रूट, चिप्स- बिस्कुट, चॉकलेट, फ्रूटी आदि का वितरण करते हुए महोत्सव में उन्हें भी शामिल किया गया। साथ ही साथ सिंधु शक्ति के माध्यम से 2000 लीटर के पानी टंकी की भी व्यवस्था करवाया गया है।
























# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बंपर कमाई, यात्री किराए से कमाए रिकॉर्ड 1359 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अब महानगरों की तरह यात्री किराए से भी करोड़ों रुपये का राजस्व अर्जित कर रहा है। बीते पांच सालों में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और नागपुर मंडल में ट्रेनों के परिचालन में काफी वृद्धि हुई है। नियमित ट्रेनों के साथ-साथ स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इस साल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या सर्वाधिक रही है। यही वजह है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक का सबसे अधिक 'ऑरिजिनेटिंग पैसेंजर रेवेन्यू' (प्रारंभिक यात्री राजस्व) अर्जित किया है। आंकड़ों के अनुसार, 17 मार्च 2026 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्री यातायात से 1359.04 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के 1330.70 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी अधिक है। बता दें कि रेलवे ने वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित अपने 1348.06 करोड़ रुपये के आंतरिक लक्ष्य को भी आसानी से पार कर लिया है।

## पहली बार वित्तीय वर्ष 2025-26 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को मिला सर्वाधिक राजस्व

### ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग में भी तेजी

यात्रियों से कमाई रेलवे को ऑनलाइन टिकटों से अधिक राजस्व मिला है। रेलवन ऐप के कुल डाउनलोड की संख्या और इसके माध्यम से रोजाना औसतन बुक किए गए टिकटों की संख्या इस वित्तीय वर्ष में अधिक है। कुल डाउनलोड की संख्या 2.57 करोड़ पहुंच गई है। रोजाना औसतन बुक किए गए टिकटों की संख्या 7.64 लाख पार कर चुकी है। बता दें कि वर्तमान में, लगभग 88 प्रतिशत आरक्षित टिकट ऑनलाइन बुक किए जा रहे हैं।



### यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार का परिणाम

यह उल्लेखनीय उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के साथ-साथ अधिकारियों और कर्मचारियों की समर्पित कार्यशैली का नतीजा है। यह प्रभावी प्रबंधन और यात्री सुविधाओं में निरंतर किए जा रहे सुधार का भी सीधा परिणाम है। एसईसीआर प्रशासन भविष्य में भी यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### आरक्षित से ज्यादा जनरल यात्रियों से मिला राजस्व

*इस राजस्व वृद्धि में अनारक्षित (जनरल) श्रेणी में यात्रा करने वालों का विशेष योगदान रहा है। इस श्रेणी में 55 करोड़ रुपये (18.7 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई है, जो भारतीय रेल में सर्वाधिक वृद्धि प्रतिशत में से एक है। वहीं, आरक्षित (रिजर्वेशन) श्रेणी की यात्रा में 26 करोड़ रुपये (2.8 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई है। कुल मिलाकर पिछले वर्ष की तुलना में 82 करोड़ (6.6 प्रतिशत) और आनुपातिक लक्ष्य की तुलना में 65 करोड़ (5प्रतिशत) की वृद्धि हासिल की गई है। यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का भी सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस दौरान टीओडी (ट्रेन ऑन डिमांड) के तहत 116 ट्रिप (26 आरक्षित ट्रेनें) और 36 ट्रिप (8 अनारक्षित ट्रेनें) चलाई गईं।*

## खबर संक्षेप

### आप ने निकाली गैस सिलेंडर शव यात्रा



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में गहराते रसोई गैस संकट, कमर्शियल सिलेंडर की कमी और उससे प्रभावित आम जनजीवन व उद्योगों को लेकर 19 मार्च को रायपुर जिले के बिरगांव में गैस सिलेंडर शव यात्रा निकाली। यह यात्रा व्यास तालाब से निकलकर शुक्रवारी बाजार पानी टंकी बिरगांव में समाप्त हुई। प्रदेश कोषाध्यक्ष मुन्ना बिसेन ने सरकार के "गैस की कोई कमी नहीं" वाले दावों को सिरे से खारिज करते हुए इसे जनता को गुमराह करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि देशभर में गैस संकट के हालात सरकार की विफल नीतियों का परिणाम हैं। जब सरकार खुद दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है, तो फिर आम जनता को सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में क्यों खड़ा होना पड़ रहा है?

### 'धर्मांतरण पर नया कानून' सामाजिक समरसता को मिलेगा बढ़ावा

**रायपुर।** उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत "धर्मांतरण स्वातंत्र्य विधेयक 2026" का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह कानून राज्य में लंबे समय से चल रही गलत तरीके से धर्मांतरण की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्रीमती जगत ने कहा कि यह कानून किसी की आस्था या व्यक्तिगत स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह केवल अवैध और जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है।

### ट्रांसपोर्ट प्रतिबंध पर व्यापारियों की कमिश्नर से मुलाकात



**रायपुर।** शहर में ट्रांसपोर्ट बुकिंग के प्रमुख मार्गों पर मालवाहक वाहनों के प्रतिबंध से प्रभावित हो रही व्यापारिक गतिविधियों को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से मुलाकात की। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में पहुंचे इस प्रतिनिधि मंडल ने व्यापारियों को हो रही समस्याओं और आर्थिक नुकसान का जिक्र करते हुए विस्तार से अपनी बात रखी।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने रेडक्रास में ली बैठक

# सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता- गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्रथमिकता होनी चाहिए। उनके कल्याण के लिए भारत सरकार और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाए और सफाईकर्मियों को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक, हेल्थ चेकअप करने समय-समय पर कैंप भी लगाए जाएं।

सफाई कर्मचारी के उपाध्यक्ष ने गुरुवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में बैठक ली। इस बैठक में एडीएम उमाशंकर बंदे, नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप, एसीपी सिटी अमित तुकाराम काम्बले, पुलिस उपायुक्त रायपुर पश्चिम संदीप पटेल आईपीएस,, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम राहुल देव शर्मा, सहायक पुलिस उपायुक्त देवांश सिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में हरदीप सिंह गिल ने कहा कि न्यूनतम वेतन से कम किसी भी सफाईकर्मी को मजदूरी राशि प्रदान नहीं की जानी चाहिए। इसे कड़ाई से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जागरूकता कैंप के साथ सफाई कर्मियों के लिए पर्याप्त संख्या में पीपीई किट हो एवं जिला और सब डिवीजन स्तर पर सतर्कता समिति की बैठक की जाए। उन्होंने कहा कि हर 6 महीने में सफाई कर्मियों का हेल्थ जांच कर मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट प्रदान करें। अगर कोई अनफिट या बीमार हो तो उनके स्थान पर संबंधित की सहमति लेकर परिजनों में से किसी व्यक्ति को नौकरी पर रखा जाए। सभी सफाईकर्मियों का परिचय पत्र अनिवार्य रूप से बनाया जाए और ब्लड ग्रुप अंकित किया जाए।

उन्होंने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में हुई घटना को लेकर कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार मैनुअल स्कैवेजिंग पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। ऐसा कराए जाने पर जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी संस्था में सीवेज सफाई कराई जानी है, तो नगर निगम प्रशासन को सूचित करें और सुरक्षा के सभी मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में हुए हादसे में मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता दिलाई जाएगी एवं न्याय मिलेगा और घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान मृतकों को श्रद्धांजली देने के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।



### सभी हास्पिटल के सीवेज का एनओसी लेने दिए निर्देश

रामकृष्ण अस्पताल में हुई इस घटना को लेकर आयोग उपाध्यक्ष ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में रात में इस प्रकार के सफाई कार्य न हों, हॉस्पिटल में गैस निकलने के लिए इंतजाम किया जाए। उन्होंने नगर निगम रायपुर को निर्देशित किया कि शहर के अन्य अस्पताल सहित सभी संस्थानों में सीवेज का एनओसी लिया जाए।

# डीएड अभ्यर्थियों ने धरनास्थल से शीतला मंदिर के लिए निकाली कलश यात्रा, पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि में प्रदेशभर के डीएड अभ्यर्थियों ने नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से शीतला मंदिर तक सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा निकाली। उनकी इस यात्रा को पुलिस प्रशासन ने बीच रास्ते में ही रोक दिया। सहायक शिक्षक के 2300 पदों पर नियुक्ति दिए जाने की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थी 86 दिनों से आमरण अनशन पर हैं।

गुरुवार को नवरात्रि के पहले दिन डीएड अभ्यर्थी तूता के धरना स्थल से शीतला मंदिर तक नियुक्ति की कामना को लेकर कलश यात्रा पर निकले, लेकिन उन्हें मंदिर जाने से रोका गया। पुलिस ने बैरिकेड धरना स्थल से आगे नहीं बढ़ने दिया। कलश यात्रा में शामिल होने सैकड़ों अभ्यर्थी जशपुर, बलरामपुर, सुकमा, बस्तर, बीजापुर, कोरिया, नारायपुर सहित अन्य जिलों से धरना स्थल आए थे। अभ्यर्थियों का कहना है वे शांतिपूर्ण कलश यात्रा निकालते, तो इसमें पुलिस का पहरा क्यों ? छत्तीसगढ़ डीएड अभ्यर्थी संघर्ष समिति के आव्हान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से डीएड अभ्यर्थी इन दिनों तूता के धरना स्थल पर जुटे हैं। उनका कहना है हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद सहायक शिक्षक के 2300 पद खाली पड़े हैं, इन पदों में पात्र डीएड अभ्यर्थियों की अविलंब नियुक्ति की जाए।



## मास्टर की से दोपहिया चोरी, चाबी मास्टर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मास्टर चाबी से दोपहिया चोरी करने के आरोप में चाबी मास्टर सहित तीन शातिरों को खम्हारडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने शहर के अलग-अलग पार्किंग स्थल में छिपाई चोरी की 11 गाड़ियां जब्त की हैं। बाइक चोरी के आरोप में पकड़ा गया एक युवक बलौदाबाजार का रहने वाला है।

दोपहिया चोरी करने के आरोप में पुलिस ने बलौदाबाजार निवासी कुलदीप गेंडरे उर्फ जानू, कचना निवासी करण साहू उर्फ बाका, मोवा निवासी शेख स्वालेह को गिरफ्तार किया है। शेख स्वालेह मास्टर चाबी बनाने का काम करता था। पुलिस ने बाइक चोरों को कम कीमत पर बगैर दस्तावेज के बाइक बेचने की फिराक में ग्राहक तलाशते गिरफ्तार किया है। शेख स्वालेह पेशे से चाबी बनाने का काम करता है।



## नशीली कैप्सूल, कोकीन प्रकरण में तीन को 10 तथा 15 वर्ष कैद के साथ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नशीली कैप्सूल तथा कोकीन तस्करी के दो अलग-अलग मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को क्रमशः 15 तथा 10 साल कैद के साथ एक तथा डेढ़ लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस की विशेष कोर्ट में हुई है। जिन आरोपियों को सजा सुनाई गई है, उनमें एक ओड़िशा का सप्लायर शामिल है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा, भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने नशीली कैप्सूल बेचने के आरोप में सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के कुकुरबेड़ा से गिरफ्तार मनीष चंद्राकर तथा ओडिशा से गिरफ्तार देवेंद्र मांझी को 15-15 वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मनीष के घर से 31 अगस्त 2024 को 864 नशीली कैप्सूल जब्त की थी। एक अन्य प्रकरण में कोर्ट ने कबीर नगर थाना क्षेत्र में रहने वाला धरम सिंह को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।

*सरस्वतीनगर कबीर नगर थाना क्षेत्र का मामला*

सर्किल वन में 14 और सर्किल दो में सात स्थानों पर लगेंगे शिविर

## राजधानी में सिर्फ 755 बिजली बिल के बकायादार, शिविरों में होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 28 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल बकाया पर मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का प्रारंभ किया गया है। राजधानी रायपुर में 2023 के पहले के महज 755 उपभोक्ता ही ऐसे हैं, जिन पर बिजली बिल बकाया है। इसके बकाया का समाधान अब शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। जहां एक तरफ सर्किल दो में शिविर प्रारंभ हो गए हैं, वहीं सर्किल एक में गुरुवार को शंकर नगर से शिविर का प्रारंभ किया गया। इसका शुभारंभ वितरण कंपनी प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने किया।



कार्यक्रम में श्री कंवर ने हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए तथा योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे देवेंद्र तिवारी भाजपा जिला अध्यक्ष कोरिया एवं मुख्य अभियंता रायपुर शहर एवं ग्रामीण संजीव सिंह उपस्थित थे।

### सर्किल दो में 290 बकायादार

सर्किल दो में सिर्फ 290 ही बकायेदार हैं। अधीक्षण अभियंता महेश ठाकुर के मुताबिक सात स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। पहले दिन के शिविर में 14 उपभोक्ताओं का पंजीयन किया गया है। उन्होंने बताया राजधानी रायपुर में आमतौर पर बहुत कम उपभोक्ता ऐसे रहते हैं जो बकाया जमा नहीं करते हैं।

# जानलेवा ट्रॉमेटिक डायफ्रामेटिक रप्चर का शिकार हुआ युवक, एम्स के डॉक्टरों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निर्माणाधीन भवन से गिरकर गंभीर रूप से घायल युवक की जान एम्स के डॉक्टरों ने बचा ली। ऊंचाई से गिरने के बाद युवक बेसुध तो नहीं हुआ, मगर बाईं ओर के डायफ्राम (छाती और पेट को अलग करने वाली मांसपेशी) पूर्ण रूप से फट गई थी। सर्जरी के काफी दिनों तक मरीज को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया और स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एम्स के चिकित्सकों ने बताया कि महासमुंद के निर्माणाधीन भवन की पहली मंजिल से युवक लगभग 8 फीट की ऊंचाई से गिर गया। आश्चर्यजनक बात यह रही कि मरीज को कोई गंभीर बाहरी चोट नहीं थी और गिरने के बाद वह बेहोश भी नहीं हुआ। घटना के दूसरे दिन सुबह मरीज सीने में दर्द और हल्की सांस फूलने (डिस्प्निया) की शिकायत के साथ शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद पहुंचा।



### भीतरी चोट गंभीर

चिकित्सको के अनुसार गंभीर आंतरिक चोटों और लगभग पूरे छाती के ढांचे में फ्रैक्चर होने के बावजूद, मरीज में बाहरी चोटों के लक्षण बहुत कम थे। जिससे यह मामला ब्लंट ट्रॉमा के बाद गंभीर आंतरिक चोट का एक दुर्लभ और असामान्य उदाहरण बन गया। संपूर्ण मूल्यांकन के बाद मरीज की आपातकालीन सर्जरी की गई।

### क्या है डायफ्राम का ट्रॉमेटिक रप्चर

एम्स के चिकित्सकों ने बताया कि डायफ्राम का ट्रॉमेटिक रप्चर, जिसमें पेट के अंग छाती में चले जाते हैं। एक दुर्लभ लेकिन संभावित रूप से घातक स्थिति है। समय पर पहचान, उचित रेफरल और शीघ्र सर्जिकल हस्तक्षेप इस मरीज की जान बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुए।

### इन डॉक्टरों की टीम ने दिया अंजाम

*यह सर्जरी जनरल सर्जरी विभाग की टीम द्वारा की गई, जिसका नेतृत्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रामचंदानी ने किया। टीम में डॉ. जीवन वर्मा, डॉ. अभिनव कुमार, डॉ. ऐश्वर्या और डॉ. श्याम सुंदर शामिल थे, जबकि नर्सिंग ऑफिसर नीता ने सहयोग प्रदान किया। एनेस्थीसिया डॉ. सचिन और डॉ. नवप्रीत द्वारा दिया गया। इसके अलावा डॉ. अंशुमान, डॉ. सुरभि, डॉ. मोनिश, डॉ. क्षितिज और डॉ. आकाश ने भी सर्जरी और ऑपरेशन पूर्व व पश्चात प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।*




## आबकारी आरक्षक भर्ती की अंतिम चयन सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग के अंतर्गत आबकारी आरक्षक के रिक्त 200 पदों की पूर्ति के लिए सीधी भर्ती के माध्यम से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर (व्यापम) ने 27 जुलाई 2025 को लिखित परीक्षा ली थी। इस भर्ती परीक्षा में चयन हुए अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। इस परीक्षा का अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम व्यापम की वेबसाइट पर 19 सितंबर 2025 को जारी किया गया था।

आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग को उपलब्ध कराये गये परीक्षा परिणाम की प्राप्तांक सूची एवं परीक्षा से संबंधित अन्य अभिलेखों के आधार पर विज्ञापन में उल्लेखित वर्गवार, प्रवर्गवार रिक्तियों की संख्या के लगभग तीन गुना अभ्यर्थियों को मेरिट क्रम में चिन्हांकित किया था। उनके मूल प्रमाण पत्रों (दस्तावेजों) का सत्यापन एवं शारीरिक मापदण्ड की जांच के लिए बुलाया गया, लेकिन पर्याप्त अवसर दिये जाने के बाद भी सत्यापन में अनुपस्थित एवं शारीरिक मापदण्ड में अपात्र पाए गए कुल 128 अभ्यर्थियों के नामों पर चयन प्रक्रिया में विचार नहीं करने संबंधी 12 मार्च 2026 को पत्र जारी किया था। शेष पात्र अभ्यर्थियों में से व्यापम ने जारी मेरिट क्रम के आधार पर वर्गवार, प्रवर्गवार आबकारी आरक्षक पद के कुल 200 पदों के विरूद्ध 200 पदों पर अभ्यर्थियों की उपलब्धता अनुसार चयन सूची तथा 43 अनुपूरक (प्रतीक्षा) सूची जारी गई है।



अधिकारियों ने बताया कि आबकारी आरक्षक पद हेतु छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा में व्यापम द्वारा जारी मेरिट सूची के आधार पर विभाग में दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक मापदण्ड में पात्र गए अभ्यर्थियों में से चयन के लिए उपयुक्त पाए गए अभ्यर्थियों की सूची मंडल की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर